Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 141 | रविवार, 31 मई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अभिषेक बनर्जी पर हमलाः सोनारपुर में हेलमेट पहनकर बचाई जान, फाड़े कपड़े, फेंके अंडे

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**सोनारपुर।** तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने के दौरान हमला हुआ। सोनारपुर में बाइक से प्रवेश करते समय प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला कर दिया।

उन्हें सिर, गर्दन और चेहरे पर बेरहमी से थप्पड़ और घूंसे मारे गए। इसी बीच, क्रिकेट हेलमेट पहने तृणमूल सांसद सोनारपुर में मारे गए तृणमूल कार्यकर्ता संजू कर्मकार के घर की ओर बढ़ते रहे। उन पर अंडे फेंके गए। जूते भी फेंके गए। उनकी सफेद कमीज के बटन तोड़ दिए गए। तृणमूल नेता उसी हालत में चलते रहे। पुलिस ने प्रदर्शन को नियंत्रित करने की कोशिश की।

इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह सब भाजपा द्वारा प्रायोजित है। देखिए उन्होंने क्या कर दिया है। यही उनका लोकतंत्र का उदाहरण है।





अभी एक महीना भी नहीं बीता है और पुलिस का नामोनिशान नहीं है। दरअसल, अभिषेक के सोनारपुर जाने से पहले, कहीं-कहीं महिलाएं हाथों में अंडे लिए खड़ी नजर आईं। कुछ जगहों पर भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे लिए 'वापस जाओ' के नारे लगा रहे थे। इस विरोध प्रदर्शन के बीच, डायमंड हार्बर सांसद ने चार पहिया वाहन की जगह बाइक का इस्तेमाल किया।

तभी उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ लोग उनकी कार का पीछा करने लगे और भागने लगे। इसके बाद हाथापाई शुरू हो गई। इसी बीच, अभिषेक मारे गए तृणमूल कार्यकर्ता के घर पहुंच गए। शनिवार को अभिषेक का कार्यक्रम चुनाव के बाद हुई हिंसा में मारे गए लोगों के घरों का दौरा करना था।

वे कोलकाता के बेलेघाटा होते हुए दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर गए। इसी बीच तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी कालीघाट के एक घर गए और सीआईडी से नोटिस लिया।

लेकिन डायमंड हार्बर के सांसद के सोनारपुर पहुंचने से पहले ही, भाजपा नेता और कार्यकर्ता काले झंडे लेकर सड़क पर उतर आए। उन्होंने अभिषेक के खिलाफ 'वापस जाओ' के नारे लगाने शुरू कर दिए। पटुली के पास ढलाई पुल से लेकर सोनारपुर के कामराबाद तक, भाजपा कार्यकर्ता हर जगह जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन किया।

## पंजाब निकाय चुनाव में आप की प्रचंड जीत, कांग्रेस-बीजेपी पस्त, भगवंत मान बोले- यह विकास की जीत

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**पंजाब।** पंजाब निकाय चुनाव में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने 48 प्रतिशत से अधिक वार्डों में जीत दर्ज की, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जनता ने सत्ताधारी पार्टी की विकासवादी नीतियों का समर्थन किया और विपक्ष की 'नफरत की राजनीति' को परास्त किया। पंजाब राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 'आप' ने कुल 1,977 वार्डों में से 958 में जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस 397 वार्ड जीतकर दूसरे स्थान पर रही, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 191 वार्ड जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 172 वार्डों में जीत का परचम फहराया।

इन शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 251 वार्डों में जीत दर्ज की। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी सात वार्ड में जीत



हासिल की। आयोग के मुताबिक, अभी मतगणना जारी है और एक वार्ड का परिणाम घोषित नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। पंजाब में अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' जीत पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि जनता ने 'आप' सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने विपक्ष की नफरत की राजनीति को हरा दिया। मान ने कहा, 'जनता ने विभाजनकारी राजनीति करने वाली पार्टियों को नकार दिया है।' इससे पहले, विपक्षी दलों ने 'आप' सरकार पर चुनावों के दौरान सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। इन निकाय चुनावों को सत्तारूढ़ पार्टी के लिए एक अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जो राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखने की उम्मीद कर रही है।

## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तीखा तंजः विश्वगुरु हैं, लेकिन एक भी परीक्षा ठीक से नहीं करा सकते!

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार खुद को विश्वगुरु बताते हुए भी एक भी परीक्षा ठीक से आयोजित करने में असमर्थ रही है। उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीईसीए) द्वारा यह बताए जाने के बाद आई है कि तकनीकी खराबी के कारण शनिवार को कुछ केंद्रों पर स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी-यूजी 2026 परीक्षा में देरी हुई।

पर हिंदी में लिखे एक पोस्ट में गांधी ने कहा कि NEET, CBSE, SSC और आज CUET। चार परीक्षाएं। एक करोड़ छात्र। इनमें से एक भी परीक्षा ईमानदारी से नहीं कराई जा सकी। गांधी ने कहा कि खुद को 'विश्वगुरु' कहते हैं, लेकिन देश में एक भी परीक्षा कराने में असमर्थ हैं - मोदी जी ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। लोकसभा



में विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि जिस पीढ़ी का भविष्य आप बर्बाद कर रहे हैं, वही पीढ़ी आपको जवाबदेह ठहराएगी।

गांधी ने शुक्रवार को कहा था कि उइरए की विफलता पर मोदी की चुप्पी और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई न करना यह दर्शाता है कि उन्हें केवल अपनी सरकार के अस्तित्व की चिंता है, लाखों छात्रों के भविष्य की नहीं। कांग्रेस नेता ने उन छात्रों के साथ अपनी पिछली बातचीत का एक वीडियो भी साझा किया था, जिन्होंने नीईटी परीक्षा दी थी और पेपर लीक के मद्देनजर परीक्षा प्रणाली को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं।

## डीके शिवकुमार का सीएम बनना तय, सिद्धारमैया के प्रस्ताव पर चुने गए विधायक दल के नेता

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**कर्नाटक।** कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार में बड़ा बदलाव हो गया है। पार्टी ने अपना नया मुख्यमंत्री चुन लिया है। डी.के. शिवकुमार, जो अब तक डिप्टी सीएम थे, अब राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। उनकी शपथ 3 जून को होगी।

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। पहले सिद्धारमैया मुख्यमंत्री थे। लेकिन पार्टी के अंदर काफी समय से चर्चा चल रही थी कि सत्ता में बदलाव होगा। आखिरकार वो वक्त आ गया।

सिद्धारमैया ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अगले दिन यानी शुक्रवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया और पूरी मंत्रिपरिषद को भंग कर दिया। यानी पूरी सरकार खत्म हो गई और नई सरकार बनाने की तैयारी शुरू हुई।

शनिवार को बेंगलुरु के विधान सौध में कांग्रेस विधायक दल यानी CLP की बैठक हुई। इस बैठक की देखरेख अक्क्ष्ठ के दो बड़े नेताओं ने




की। के.सी। वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला बेंगलुरु पहुंचे और पूरी प्रक्रिया को संभाला।

### बैठक में तीन काम हुए

**पहला काम** – सभी विधायकों ने मिलकर एक प्रस्ताव पास किया। इसमें यह तय किया गया कि नए नेता का फैसला कांग्रेस की केंद्रीय लीडरशिप करेगी। यह प्रस्ताव सिद्धारमैया ने रखा, डॉ परमेश्वर ने इसका समर्थन किया और सभी विधायकों ने हाथ उठाकर इसे पास कर दिया।

**दूसरा काम** – इसके बाद सिद्धारमैया ने खुद डी.के. शिवकुमार का नाम नए CLP नेता के तौर पर पेश किया। डॉ. परमेश्वर ने फिर से समर्थन किया। और सभी विधायकों ने एक आवाज में डी के शिवकुमार को नया नेता चुन लिया।

**तीसरा काम** – डी के शिवकुमार ने एक प्रस्ताव रखकर सिद्धारमैया का शुक्रिया अदा किया।

### एक बार बैठक बीच में रुकी भी

बैठक के दौरान एक वक्त ऐसा भी आया जब सिद्धारमैया, वेणुगोपाल और सुरजेवाला अलग कमरे में चले गए और आपस में बात की। इसके बाद बैठक फिर शुरू हुई और शिवकुमार के नाम पर मुहर लग गई।

### सिद्धारमैया ने क्या कहा?

सिद्धारमैया ने बैठक में साफ कहा कि मेरे इस्तीफे के बाद पार्टी को नया नेता चुनना था, इसीलिए यह बैठक बुलाई गई। अब तक डी.के. शिवकुमार डिप्टी सीएम थे, अब वो पार्टी के फ्लोर लीडर चुने गए हैं।

शनिवार को पास हुए एक प्रस्ताव में कांग्रेस विधायक दल ने सिद्धारमैया की तारीफ की। पार्टी ने कहा कि उन्होंने 2013 से 2018 और फिर 2023 से 2026 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर शानदार काम किया। इसके अलावा वो दो बार विपक्ष के नेता भी रहे।

पार्टी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए उनकी लगन, काम करने का तरीका और पार्टी के प्रति उनकी वफादारी हर कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए मिसाल है। पार्टी ने यह भी कहा कि आगे भी कर्नाटक सरकार उनके मार्गदर्शन से फायदा उठाती रहेगी।

## तुंगनाथ-चोपता में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लखनऊ के दो सगे भाइयों की मौत, दो घायल



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल तुंगनाथ-चोपता में तेज अंधड़, बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गयी जबकि उनके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि शुक्रवार शाम तेज अंधड़, बारिश और खराब मौसम में पर्यटकों के तुंगनाथ-चोपता में फंसे होने की जानकारी मिली जिसके बाद तत्काल बचाव एवं राहत टीम को घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया तथा तूफान से जूझते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को निकालकर एंबुलेंस के जरिए उखीमठ अस्पताल पहुंचाया गया। रजवार के मुताबिक, खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लखनऊ के दो सगे भाइयों - अभिनव वाजपेई (19) तथा उसके बड़े भाई अभिषेक वाजपेई (22) की मौत हो गयी। चोपता के स्थानीय निवासियों ने बताया कि तुंगनाथ-चोपता में शुक्रवार शाम को अचानक आए तेज आंधी-तूफान के कारण पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज पलक झपकते ही बदल जाता है।

## 'इसे हैरानी की नजर से नहीं देखा जाना चाहिए', कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर बोले सुनील आंबेडकर

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर उपजी कॉकरोच जनता पार्टी इन दिनों देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस पर आरएसएस के प्रचार प्रमुख सुनील आबंडेकर ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र में सभी आवाजों और भावनाओं को समाहित करने की क्षमता है और GenZ का देश पर पूरा भरोसा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख (अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख) सुनील आंबेकर ने कहा, भारत लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का पालन करता है, पारदर्शी चुनाव कराता है और सोशल मीडिया सहित एक खुला मीडिया है।

### 'इसे किसी झटके के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि लोकतंत्र में होने वाली किसी भी चर्चा को और लोगों द्वारा रखे व व्यक्त किए जाने वाले विभिन्न विचारों को किसी झटके की तरह नहीं लिया जाना चाहिए। उन्हें सामान्य प्रक्रिया का ही एक हिस्सा माना जाना चाहिए। मेरा मानना है कि मीडिया उन्हें संभालने के



लिए पर्याप्त रूप से स्वतंत्र है। राजनीतिक दल भी मौजूद हैं और सक्षम भी हैं। हमारी कोई भी संस्था कमजोर नहीं है।' आंबेकर ने आगे कहा, 'हमारे लोगों की शक्ति और हमारा लोकतंत्र मजबूत हैं। मेरा मानना है कि हमारे लोकतंत्र में हर किसी की आवाज और भावनाओं को शामिल करने की क्षमता है और लोगों को इस पर भरोसा होना चाहिए। आरएसएस को इस पर पूरा विश्वास है।'

उन्होंने आगे कहा कि भारत के युवा या GenZ बहुत आशावादी हैं और देश में उनका गहरा विश्वास है। साथ ही वे संवैधानिक दायरे के भीतर रहकर काम करते हैं। उन्होंने कहा, 'एक लोकतंत्र में विभिन्न मुद्दे उठाए जाते हैं और उनसे निपटने के लोकतांत्रिक तरीके होते हैं।'

### पाकिस्तान को लेकर क्या बोले आंबेडकर?

आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के पीटीआई को दिए इंटरव्यू के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए हमेशा एक रास्ता खुला रहना चाहिए।

आंबेकर ने कहा कि संघ का हमेशा से यही मानना रहा है कि लोगों के बीच आपसी बातचीत से समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बातचीत करना एक राजनीतिक और कूटनीतिक फैसला है।

आंबेकर ने कहा, 'यह सच है कि जब चीजें आधिकारिक माध्यमों से आगे नहीं बढ़ रही होतीं तो उन्होंने (होसाबले ने) कहा है कि लोगों के बीच जो बातचीत अभी भी चल रही है, उसे जारी रखा जाना चाहिए। कुछ मुद्दे अभी भी सामने आते हैं और व्यापार भी अभी जारी है। इसे बनाए रखा जाना चाहिए ताकि रिश्ते बने रहें और धीरे-धीरे कुछ चीजें सुलझ जाएंगी।' उन्होंने कहा कि आरएसएस ने हमेशा भारत के विभाजन का विरोध किया था और अगर उस समय यह संगठन अधिक मजबूत होता तो विभाजन कभी नहीं होता।

## आर्मी चीफ बोले- भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की तैयारी में, तीनों सेनाएं 24 घंटे तैयारी कर रहीं, अभी केवल संघर्ष विराम

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा, 'भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की तैयारी कर रहा है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की हरकतों के जवाब में सेना ने जो रुख अपनाया था, वह अभी भी कायम है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सेना प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और मौजूदा हालात को दुश्मनी में अस्थायी विराम बताया। जनरल द्विवेदी ने पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिए बिना भारत की सैन्य तैयारियों जिक्र करते हुए एक कड़ा संदेश दिया। उन्होंने संकेत दिया कि अगर कोई नया ऑपरेशन जरूरी हो जाता है तो न केवल सेना, बल्कि वायुसेना और नौसेना भी पूरी तरह तैयार हैं। सेना प्रमुख ने कहा, 'भारतीय सेना और तीनों सेनाएं ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए अच्छी तैयारी कर रही हैं, अगर ऐसा होता है तो। फिलहाल, हम तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं और अगले युद्ध के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं... 24x7।' उन्होंने



आगे कहा, 'युद्ध का मैदान इतना खुला है कि हर हरकत की जानकारी दूसरी तरफ वालों को होती है। इसलिए, हमें अपनी तैनाती, इस्तेमाल और अपने सैनिकों के साथ-साथ सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के मामले में बहुत ज्यादा सतर्क रहना होगा।' जनरल द्विवेदी ने कहा कि इन्फॉर्मेशन वॉरफेयर तभी सफल होता है, जब यह पूरे देश को एक साझा नैरेटिव के पीछे एकजुट कर दे। उन्होंने कहा, 'सूचना युद्ध तभी सफल होता है जब पूरा देश एकजुट हो जाए और उन लोगों पर भरोसा करे जो जानकारी दे रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो मैं आपको यकीन दिला सकता हूं कि जो देश एक-दूसरे पर और इन सभी हितधारकों पर भरोसा करता है, वह हमेशा युद्ध जीतेगा।'

## मद्रास हाई कोर्ट का बड़ा सवालः मंदिरों में वीआईपी दर्शन क्यों? चर्च-मस्जिद में तो ऐसा नहीं होता

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**मद्रास।** मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मंदिरों में वीआईपी दर्शन गलत और भेदभावपूर्ण है और यह भी कहा कि चर्चों और मस्जिदों में ऐसी कोई प्रथा नहीं अपनाई जाती है। मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति जी आर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी लक्ष्मीनारायणन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि मंत्रियों और विधायकों को यह नहीं सोचना चाहिए कि वे जब चाहें मंदिर में जा सकते हैं और भगवान उनका इंतजार कर रहे होंगे। हमें वीआईपी दर्शन की आवश्यकता ही क्यों है? भगवान के सामने सब बराबर हैं। मद्रास उच्च न्यायालय की पीठ ने राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता पी.वी. बालासुब्रमण्यम की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि सशुल्क वीआईपी दर्शन बंद करने से मंदिरों को राजस्व का नुकसान होगा।

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और संवैधानिक अधिकारियों को छोड़कर मंदिरों में वीआईपी दर्शन और विशेष दर्शन को पूरी तरह समाप्त करने की




मांग की गई थी। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी पी. चोकलिंगम द्वारा दायर जनहित याचिका में मानव संसाधन एवं संचार विभाग के नियंत्रण वाले मंदिरों में वीआईपी दर्शन की परंपरा को समाप्त करने की मांग की गई थी। उनके वकील बी. जगन्नाथ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर मामले में कहा था कि विशेष दर्शन और वीआईपी कतार प्रणाली को समाप्त करने के लिए एक समिति का गठन किया जाना चाहिए। इस संबंध में समिति ने पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। उच्च न्यायालय ने यह जानने की कोशिश की कि क्या मंदिर अधिकारियों ने किसी नियम का उल्लंघन किया है। पिछली सुनवाई के दौरान, पीठ ने यह जानने की कोशिश की थी कि क्या तिरुप्पारनकुंड्रम मंदिर अधिकारियों ने नए मंत्री आर निर्मलकुमार और उनके सहयोगियों के दर्शन सुनिश्चित करने के लिए मंदिर को निर्धारित समय से अधिक खुला रखकर नियमों का उल्लंघन किया है। राज्य सरकार ने बताया कि मंत्री के दौरे के दौरान किसी भी आगम नियम का उल्लंघन नहीं हुआ। इस बात को दर्ज करते हुए, पीठ ने टिप्पणी की कि मंत्रियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि वे कानून से ऊपर हैं और देवता उनका इंतजार कर रहे होंगे। इसके बाद अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए छह सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया।

## संपादक की कलम से

# बढ़ती कीमतों से बिगड़ी मध्यवर्गीय सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था

मानवी अहंकार के परिणाम स्वरूप अमेरिका ईरान इजरायल और यूक्रेन रूस युद्ध के चलते पेट्रोलियम पदार्थों के दाम लगभग विश्व के हर देश में बढ़ गए हैं। इसी परिपेक्ष में भारत में भी बढ़ते पेट्रोल डीजल के दामों के कारण भारतीय मध्यम वर्गीय अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक संरचना बृहद रूप में प्रभावित हुई है ।



ललित शर्मा
संपादक

विश्व स्तर पर बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव, युद्धों और शक्ति–संघर्षों का सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। अमेरिका–ईरान तनाव, रूस–यूक्रेन युद्ध तथा मध्य–पूर्व में इजरायल से जुड़े संघर्षों ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हुई वृद्धि ने लगभग प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने विशेष रूप से भारतीय मध्यम वर्ग की आर्थिक और सामाजिक संरचना को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा प्रभाव घरेलू बाजार पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल केवल वाहन चलाने के साधन नहीं हैं, बल्कि वे संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ हैं। परिवहन, कृषि, उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र लगभग सभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन पर निर्भर हैं। डीजल की कीमतों में वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव परिवहन क्षेत्र पर पड़ता है। देश में अधिकांश माल ढुलाई ट्रकों के माध्यम से होती है। जब डीजल महंगा होता है, तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि खाद्यान्न, फल–सब्जियां, दूध, दालें, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें स्वत: बढ़ने लगती हैं। व्यापारी अतिरिक्त लागत का भार अंतत: उपभोक्ताओं पर डाल देते हैं। इस प्रकार महंगाई का एक ऐसा चक्र प्रारंभ हो जाता है, जिससे सामान्य नागरिक बच नहीं पाता। भारतीय मध्यम वर्ग पहले से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है। पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने उसकी मासिक आय और व्यय के संतुलन को और बिगाड़ दिया है। जिन परिवारों के पास निजी वाहन हैं, उनके लिए कार्यालय, विद्यालय और अन्य आवश्यक यात्राओं का खर्च बढ़ गया है। वहीं रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि ने घरेलू बजट को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप परिवारों को अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच समझौता करना पड़ रहा है। महंगाई का सामाजिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं है। जब आय स्थिर हो और खर्च लगातार बढ़ता जाए, तो परिवारों में तनाव बढ़ने लगता है। आर्थिक दबाव पारिवारिक संबंधों, सामाजिक सहभागिता और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। मध्यम वर्ग, जो समाज की स्थिरता और विकास का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है, स्वयं असुरक्षा और भविष्य की चिंताओं से घिर जाता है। कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित हुआ है। डीजल से चलने वाले पंप, ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की लागत बढ़ने से खेती महंगी हो गई है। उत्पादन लागत बढ़ने पर किसान अपनी उपज का उचित मूल्य चाहते हैं, जिससे बाजार में खाद्य पदार्थों की कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इस प्रकार महंगाई का प्रभाव खेत से लेकर थाली तक दिखाई देता है। अर्थशास्त्री लंबे समय से कहते रहे हैं कि ऊर्जा की कीमतें किसी भी अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेतक होती हैं।

## भूखे पेट की दर्द

उदय किशोर साह

कविता



गरीबी की दर्द गरीब ही जाने
भूखा जो सोये वो भूख पहचाने
खाली पेट कब नींद है घर आती
रंगीन ये दुनियाँ भूखे ना सुहाती

पर्णकुटी में जब बिछा हो चटाई
फटी चादर भी लगती उसे रजाई
आफत की जाड़ा गरीब पे आई
वाह री विधाता वाह तेरी चतुराई

फटे हाल जब होता आशियाना
ना तन पे कपड़ा ना पेट में दाना
सूखी रोटी भी देती है देती दुहाई
चुल्हा ना जलता रूठी है। रसोई

कैसी किस्मत तुँ लिख दी भगवान
क्यूं जन्म दी जब भूखा है . जहान
आभाव की जीवन क्यूं दी वरदान
वाह री विधाता वाह तेरी विधान

देख रहा फिर भी मौन है अनजान
कब बदलेगी तेरी कलम की ज्ञान
बन्द करो गरीबों का अब इम्तहान
तुँ खुश है पर परेशान तेरी इन्सान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सत्य का संहार: झूठ के साम्राज्य में कैद होती दुनियाँ



एन0के0शर्मा
लेखक

सत्य का स्वभाव सरल होता है–निस्संग, निर्विकार और निर्विवाद। वह किसी अलंकरण का मोहताज नहीं होता, न ही उसे अपने अस्तित्व के लिए भीड़ की स्वीकृति चाहिए होती है। लेकिन जब दुनिया के मंच पर झूठ अपनी चतुराई, तकनीक और सत्ता के सहारे एक संगठित तंत्र में बदल जाता है, तब सत्य धीरे-धीरे हाशिए पर धकेल दिया जाता है। यह वही दौर है, जहाँ हम खड़े हैं–एक ऐसा समय, जब झूठ केवल बोला नहीं जाता, बल्कि योजनाबद्ध ढंग से गढ़ा जाता है, फैलाया जाता है और अंततः स्थापित कर दिया जाता है।

आज का युग सूचना का युग कहलाता है, लेकिन यह विडंबना ही है कि सूचनाओं की इस बाढ़ में सत्य सबसे अधिक डूब रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वैश्विक संचार माध्यमों ने जहाँ एक ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को विस्तार दिया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने झूठ को भी अभूतपूर्व गति प्रदान कर दी। अब झूठ को सच बनने के लिए वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ता; कुछ ही मिनटों में वह लाखों दिमागों में अपनी जड़ें जमा लेता है। यह झूठ केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी अपना प्रभाव छोड़ रहा है।

राजनीति के गलियारों में सत्य का ह्रास सबसे अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। यहाँ तथ्यों की जगह नैरेटिव ने ले ली है, और नैरेटिव को गढ़ने का काम अब तथ्यों के आधार पर नहीं, बल्कि जनभावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है। चुनावी रणनीतियाँ अब विकास या नीतियों पर नहीं, बल्कि इस बात पर केंद्रित होती हैं कि किस प्रकार विरोधी को झूठे आरोपों और भ्रमों के जाल में फँसाया जाए। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार है, क्योंकि जब मतदाता को सत्य से वंचित किया जाता है, तब उसका निर्णय भी विकृत हो जाता है।

मीडिया, जिसे कभी लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता था, वह भी इस झूठ के साम्राज्य में एक महत्वपूर्ण उपकरण बनता जा रहा है। निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा की जगह टीआरपी और प्रायोजित एजेंडा ने ले ली है। समाचार अब सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि धारणा बनाने का हथियार बन गया है। बहसों में तथ्य कम और शोर अधिक होता है, और दर्शक इस शोर को ही सत्य मान बैठता है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है, क्योंकि जब सूचना का स्रोत ही दूषित हो जाए, तो समाज की सोच भी दूषित हो जाती है।

सामाजिक स्तर पर भी इस झूठ के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। लोग अब सत्य को खोजने के बजाय अपने पूर्वाग्रहों के अनुरूप जानकारी को स्वीकार करने लगे हैं। 'कन्फर्मेशन बायस' का यह मनोविज्ञान झूठ को और अधिक शक्तिशाली बना देता है। जब कोई झूठ बार-बार दोहराया जाता है, तो वह धीरे-धीरे सत्य का रूप ले लेता है। यह केवल एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति है, जिसका उपयोग सत्ता और प्रभावशाली समूह अपने हितों की रक्षा के लिए करते हैं।

तकनीक ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक और एल्गोरिदमिक कंटेंट ने सत्य और झूठ के बीच की रेखा को लगभग मिटा दिया है। अब यह पहचानना कठिन होता जा रहा है कि जो हम देख रहे हैं या सुन रहे हैं, वह वास्तविक है या निर्मित। यह केवल एक तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि एक नैतिक संकट भी है। जब वास्तविकता ही संदिग्ध हो जाए, तो विश्वास का आधार भी टूटने लगता है।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि सत्य का स्थान कहाँ है? क्या वह पूरी तरह समाप्त हो चुका है, या अभी भी कहीं जीवित है? उत्तर सरल नहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि सत्य कभी पूरी तरह नष्ट नहीं होता। वह दबाया जा सकता है, छुपाया जा सकता है, लेकिन समाप्त नहीं किया जा सकता। समस्या यह है कि उसे पहचानने और स्वीकार करने की हमारी क्षमता कमजोर होती जा रही है।

सत्य का संहार केवल बाहरी शक्तियों द्वारा नहीं होता; इसमें हमारी भी भागीदारी होती है। जब हम बिना जांचे-परखे किसी सूचना को साझा करते हैं, जब हम अपनी सुविधा के अनुसार तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर स्वीकार करते हैं, तब हम भी इस झूठ के साम्राज्य को मजबूत करने में योगदान देते हैं। यह एक सामूहिक विफलता है, जिसका परिणाम एक ऐसी दुनिया के रूप में सामने आ रहा है, जहाँ विश्वास, पारदर्शिता और नैतिकता संकट में हैं।

इस संकट से निकलने का रास्ता भी आसान नहीं है। इसके लिए केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं होंगे; इसके लिए एक वैचारिक और नैतिक पुनर्जागरण की आवश्यकता है। हमें अपने भीतर उस साहस को पुनर्जीवित करना होगा, जो सत्य को स्वीकार करने और उसके पक्ष में खड़े होने के लिए आवश्यक है, भले ही वह असुविधाजनक क्यों न हो। शिक्षा, जागरूकता और आलोचनात्मक सोच इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

अंततः, यह समझना होगा कि सत्य और झूठ के बीच का संघर्ष केवल विचारों का संघर्ष नहीं है; यह हमारी सभ्यता के भविष्य का प्रश्न है। यदि झूठ का यह साम्राज्य इसी तरह बढ़ता रहा, तो वह केवल तथ्यों को नहीं, बल्कि हमारी सोच, हमारी संस्कृति और हमारे अस्तित्व को भी निगल जाएगा। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इस संघर्ष को गंभीरता से लें और सत्य की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहें। क्योंकि जब सत्य कैद होता है, तब केवल एक विचार नहीं, बल्कि पूरी मानवता कैद हो जाती है।

# क्रोध हमेशा धैर्य और साहस की कमी का परिचायक होता है



किशन भावनानीं
लेखक



आज के युग में हर व्यक्ति को जीवन के किसी न किसी पड़ाव में विपरीत परिस्थितियों का निर्माण होने के कारणों में कहीं ना कहीं एक कारण उसका गुस्सा या क्रोध भी होगा। अगर हम अत्यंत संवेदनशीलता और गहनता से उत्पन्न हुई उन परिस्थितियों की गहनता से जांच करेंगे तो हमें जरूर यह कारण महसूस होगा।

गुस्से और क्रोध का वह छोटा सा पल ऐसी अनेकों विकराल स्थितियों और परिस्थितियों को पैदा कर देता है, जिसकी हमें उम्मीद भी नहीं रहती और फिर बड़े बुजुर्ग लोग कहते हैं ना कि, जब चिड़िया चुग गई खेत अब पैछतावे का होए। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमें उस गुस्से क्रोध के उस पल को काबू में रखने के मंत्र सीखने होंगे जो कि आसान है। सबसे पहले तो हमारी यह सव प्रतिशत कोशिश होनी चाहिए कि उस स्थिति को पैदा ही ना होने दें , जिसके कारण क्रोध या गुस्सा या आक्रोश उत्पन्न हो।परंतु यह भी उचित बात है कि, हम किसी भी परिस्थिति को कितना भी रोके, परंतु स्थिति उत्पन्न हो ही जाती है,या अन्य कोई यह स्थिति उत्पन्न कर ही देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सबसे सरल मंत्र है उस परिस्थिति की हर बात,हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता से लें और गुस्से या क्रोध या आक्रोश को जगने से पहले ही तुरंत उसे समाप्त कर दें। उसके लिए सहजता व सरलता इन दो शब्दों या मंत्रों को गांठ बांध के रखना ही होगा।

साथियों जब शरीर क्रोध के आवेग में काबू हो जाता है तो मनुष्य विचार शून्य हो जाता हैं. उसे कुछ भी सूझता नहीं है जैसे मुह में आया बोल दिया अथवा जो हाथ में आया उसे चला दिया जाता हैं. ऐसे करने से बाद में पछताने के सिवाय कुछ भी हाथ नहीं लगता हैं. यदि आप क्रोध को नियंत्रित नहीं कर पाते है तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, यह आपके ब्लड प्रेशर को अधिक करने के साथ ही कई व्याधियों को जन्म भी दे सकता हैं।

क्रोध को कायरता की निशानी भी कहा जाता है, इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक भी माना गया हैं. जिन्हें विभिन्न परिस्थितियों में धैर्य एवं साहस की कमी होती है वे क्रोधित होते हैं। यह संताप विकलता की दशा हैं. एक क्रुद्ध व्यक्ति के सोचने समझने और विचारने की शक्ति शून्य हो जाती हैं। साथियों ,मेरा ऐसा निजी मानना है कि जितनी भी विपरीत, हानिकारक, कष्टदाई परिस्थितियां उत्पन्न होती है, उसका मूल कारण गुस्सा, आक्रोश, क्रोध में उठाया गया हिंसात्मक कदम होता है, जिसकी परिणीति में उन विपरीत परिस्थितियों का जन्म होता है। और अगर उन परिस्थितियों, स्थितियों को फलने फूलने के लिए, कथित प्रोत्साहन मिला तो फिर विकराल रूप बन इंसान को सबसे बड़ा और खतरनाक प्राणी बना देता है ,जिसे आज की स्थिति में अपराध के जगत का डॉन या कुख्यात अपराधी की संज्ञा दी जाती है।

साथियों, हम अपने रूटीन जीवन के हर क्षण में काफी नजदीकी से देखते होंगे कि कोई भी टॉपिक में, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी विषय में, बात तभी बिगड़ जाती है जब वहां तावबाजी अर्थात गुस्सा या क्रोध का जन्म होता है, और बात बढ़ कर कहासुनी, मारपीट, हत्या की कोशिश, हत्या, जख्मी, घायल इत्यादि से पुलिस, जेल , और मामला अदालतों की दहलीज तक जा पहुंचती है। और सामाजिक-आर्थिक नैतिक, हानि, मानहानि अलग होती है।

साथियों, सोचिए इतनी भारी कीमत चुकानी होती है, मात्र एक छोटे से पल की जिस पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता था। जो भी व्यक्ति उपरोक्त विपरीत प्रक्रिया, गुस्से, क्रोध, से जेल तक में बंदी बनाया जाता है या सजा काटता है या अदालतों के चक्कर काटता है, विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के पीछे घूमता है, अगर हम उसकी प्रतिक्रिया जानना चाहेंगे तो हमें निर्णय करने में आसानी होगी कि मामला गुस्से और क्रोध की परिणीति का है और कहीं ना कहीं उस व्यक्ति के मन में गुस्से और क्रोध के प्रति पछतावे की बात सामने आती है। गुस्सा और क्रोध से, बदले की भावना का उदय होता है और फिर बदले पर बदला के चक्रव्यूह में अनेक जीवो का जीवन कुचक्र में फंस कर खराब हो जाता है। क्योंकि फिर बदले का अंजाम बहुत दूर तलक जाता है, जो गुटबाजी, गैंगवार सहित बात दूर तलक चली जाती है।

साथियों अगर हम अपने क्रोध, गुस्से को काबू में कर पाएंगे तो सहजता और सरलता रूपी मिठास का अपने आप उदय होगा हम स्वाभाविक रूप से मीठा बोलेंगे। हमारी वाणी में मिठास उत्पन्न होगी। चार लोग हमारे करीब आएंगे,और हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी, मान सम्मान होगा।

जिसका प्रभाव हमारी वर्तमान पीढ़ी, भावी पीढ़ी पर भी पड़ेगा क्योंकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि, बोया बीज बबूल का तो आम कहां से खाए, और बोया बीज मिठास का तो कुल पुरा मीठा होय। हम सामाजिक रुप में भी किसी व्यक्ति या परिवार को उसके कुल से ही कतारते हैं कि, अच्छे कुनबे का परिवार है या अच्छे कुनबे का व्यक्ति है।

इसलिए सभी कुभावनाओं, विपरीत विचारों, परिस्थितियों, से ओतप्रोत इस गुस्से और क्रोध,आक्रोश को हीपूरी विपत्ति और कठिनाइयों की जड़ मानेंगे साथियों उपरोक्त पूरे विवरण को अगर हम संकुचित और कुछ शब्दों या शब्दकोश में सीमित करें तो गुस्सा और क्रोध एक तेज तीखी मिर्ची के समान है ,एक आग के समान है,जिसे फैलने या रोकने के लिए सहजता और सरलता रूपी गुड़ शक्कर या शहद की जरूरत होती है, जो मिर्ची रूपी धास को, आग रूपी तबाही को, सहजता सरलता और मीठी वाणी रूपी पानी से बुझाया जा सके।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि क्रोध हमेशा धैर्य और साहस की कमी का परिचय होता है। क्रोध से पूरे परिवार के मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की संभावना को रेखांकित करना समय की मांग है। क्रोध की हर बात और हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता में ही लेना चाहिए ताकि क्रोध और गुस्से पर नियंत्रण हो सके यही मूल मंत्र है।

# 31 मई, विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष लेख

डॉ. अशोक कुमार वर्मा

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्वभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा भावी पीढ़ियों को नशे के चंगुल से बचाना है। आज तम्बाकू केवल एक व्यक्तिगत व्यसन नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चुनौती बन चुका है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समय-समय पर प्रकाशित आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि तम्बाकू मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे घातक कारणों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रति वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है।

इनमें लगभग 13 लाख लोग ऐसे होते हैं जो स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करते, लेकिन दूसरों के धूम्रपान के धुएं के संपर्क में आने के कारण प्रभावित होते हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और वृद्ध विशेष रूप से शामिल हैं। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख लोग तम्बाकू सेवन के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार भारत में प्रतिदिन हजारों लोग तम्बाकू जनित रोगों के कारण मृत्यु का शिकार हो रहे हैं।

39वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 15 मई 1986 को अपने 14वें अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया था कि धूम्रपान न करने वाले लोगों को भी धूम्रपान के अनचाहे प्रभावों से संरक्षण प्रदान किया जाए।

अनेक सार्वजनिक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हैं और यह नहीं सोचते कि उससे अन्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है। इसी उद्देश्य से 31 मई 1987 को पूरे विश्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार ने भी तम्बाकू नियंत्रण हेतु अनेक महत्वपूर्ण नियम बनाए और लागू किए।

गणतंत्र के 54 वें वर्ष में 'सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003' सम्पूर्ण भारत में लागू किया गया।

इस अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान निषिद्ध है। धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचना अपराध है तथा किसी शिक्षण संस्थान के 100 मीटर के क्षेत्र में इन उत्पादों का विक्रय प्रतिबंधित है। धारा 7 के अनुसार तंबाकू उत्पादों पर स्वास्थ्य चेतावनी अंकित करना अनिवार्य किया गया है।

इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 को 2 अक्टूबर 2008 से प्रभावी किया गया। इस नियमावली के अनुसार सार्वजनिक स्थानों के मालिक एवं प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिसर में कोई व्यक्ति धूम्रपान न करे।

प्रत्येक प्रवेश द्वार पर 'गैर-धूम्रपान क्षेत्र झ धूम्रपान अपराध है' लिखे बोर्ड लगाना भी अनिवार्य किया गया है। सरकार द्वारा तंबाकू को निषेध करने के लिए समय समय पर विशेष कार्य किया गया है, तम्बाकू उत्पाद पर चेतावनी युक्त सन्देश के




साथ साथ कैंसर का फोटो लगाया गया है और प्रत्येक तम्बाकू उत्पाद पर यह लिखा है कि तम्बाकू के सेवन से कैंसर होता है। 18 वर्ष से निम्न आयु के व्यक्तियों को यह विक्रय करना दंडनीय अपराध है।

यहां तक कि पिक्चर हॉल में यह विज्ञापन बार-बार प्रसारित किया जा रहा है कि धूम्रपान जान लेवा है। आज ही धूम्रपान छोड़ने के लिए दशार्ये गए नंबर पर सम्पर्क करें। तम्बाकू सेवन से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, लकवा, दमा, फेफड़ों की बीमारी, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर तथा फेफड़ों का कैंसर जैसी गंभीर व्याधियां उत्पन्न होती हैं। दुखद स्थिति यह है कि आज गांवों से लेकर शहरों तक तम्बाकू उत्पाद अत्यंत सरलता से उपलब्ध हैं। रंग-बिरंगे पाउच और आकर्षक पैकिंग के माध्यम से युवाओं को इसकी ओर आकर्षित किया जा रहा है। कई बार किशोर अवस्था में केवल शौक के रूप में आरम्भ किया गया धूम्रपान अथवा तम्बाकू का सेवन जीवनभर के लिए लत बन जाता है।

आज यह व्यसन ई-सिगरेट और ई-हुक्का जैसे नए रूप भी समाज में तेजी से पैर पसार रहा है। युवाओं में यह भ्रम उत्पन्न किया जाता है कि यह सामान्य सिगरेट से कम हानिकारक है, जबकि वास्तविकता यह है कि ये भी शरीर को गंभीर क्षति पहुंचाते हैं।

भारत सरकार द्वारा ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी चोरी-छिपे इनका प्रयोग हो रहा है। दूसरी और सामान्य हुक्के को कई लोग आज भी भाईचारे और परम्परा का प्रतीक मानते हैं, जबकि यह धारणा पूर्णतः मिथ्या है। यदि हुक्का वास्तव में हमारी संस्कृति का अंग होता तो इसका उल्लेख प्राचीन वेदों, शास्त्रों और धार्मिक ग्रंथों में अवश्य मिलता। वास्तव में यह केवल एक नशे का माध्यम है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज, परिवार, विद्यालय, धार्मिक संस्थाएं और प्रशासन सभी मिलकर तम्बाकू के विरुद्ध व्यापक जन जागरण अभियान चलाएं। केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों के मन में जागरूकता और आत्मसंयम का भाव उत्पन्न करना भी आवश्यक है।

यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी नशामुक्त और स्वस्थ बने, तो हमें स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। जो लोग तम्बाकू के आदी हो चुके हैं उन्हें यह समझना होगा कि किसी भी नशे का अंत सदैव विनाश की ओर ले जाता है। यदि नशा वास्तव में अच्छा होता तो माता-पिता स्वयं अपने बच्चों को इसका सेवन करने के लिए प्रेरित करते। इसलिए आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं तम्बाकू से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे।

यहां पर एक सत्य का बोध होना भी अति आवश्यक है कि तंबाकू उत्पादन में भारत चीन और ब्राजील के बाद दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है।

आईसीएआर- केंद्रीय तम्बाकू अनुसंधान केंद्र, आंध्र प्रदेश द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत में तम्बाकू लगभग 36 मिलियन लोगों को आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें 6 मिलियन किसान और 20 मिलियन खेत मजदूर शामिल हैं, जो तम्बाकू की खेती में लगे हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 10 मिलियन लोग प्रसंस्करण, विनिर्माण और निर्यात में कार्यरत हैं।

अकेले बीड़ी उद्योग से लगभग 4.4 मिलियन लोगों को रोजगार प्राप्त होता है तथा लगभग 2.2 मिलियन आदिवासी तेंदू पत्ता संग्रह के कार्य से जुड़े हैं। इन लाभार्थियों में छोटे एवं सीमांत किसान, ग्रामीण महिलाएं, आदिवासी युवा तथा समाज के कमजोर वर्ग विशेष रूप से शामिल हैं।

तम्बाकू उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में भी अपना योगदान देता है। यह प्रतिवर्ष लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा आय अर्जित करता है, जो देश के कुल कृषि निर्यात का लगभग 4 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 14,000 करोड़ रुपये उत्पाद शुल्क राजस्व के रूप में प्राप्त होते हैं। आर्थिक दृष्टि से यह योगदान महत्वपूर्ण प्रतीत होता है, किन्तु जब इसके कारण होने वाले स्वास्थ्य व्यय, बीमारियों, कार्यक्षमता में कमी तथा असमय मृत्यु का आकलन किया जाता है तो यह लाभ अत्यंत छोटा दिखाई देता है। वास्तव में तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के उपचार पर सरकार और परिवारों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। अंततः यह कहना उचित है कि 'तम्बाकू छोड़ो – स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो।

# सर्किट हाउस में भाजपा की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित

## भाजपा महानगर प्रभारी वाई.पी. सिंह ने कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र

राजीव मोंगरा






**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार के विश्वास के 12 वर्ष, विकास के 12 वर्ष एवं जनकल्याण के 12 वर्ष विषय पर आज सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आगामी संगठनात्मक अभियानों की रूपरेखा और सरकार की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर सहारनपुर के प्रभारी वाई.पी. सिंह रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकताओं से आ'ान किया कि वे सरकार की इन ऐतिहासिक उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अभियान को प्रभावी रूप से चलाएं। इससे पूर्व, कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गके नेतृत्व में देश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं तथा वैश्विक पटल पर भारत की बढ़ती साख और मजबूत प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से बात रखी। उपस्थित सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में मुख्य रूप से राजीव गुंबर (नगर विधायक), अजय कुमार सिंह (महापौर), संजीव वालिया (पूर्व महापौर), महिपाल बाल्मिकी (सदस्य, अनुसूचित आयोग), अमित गगनेजा (पूर्व महानगर अध्यक्ष), जगपाल सिंह (पूर्व विधायक), अमित गर्ग (कार्यक्रम संयोजक), राजकुमार कालरा (सहसंयोजक), इनके अलावा विपिन शर्मा, बबीता सैनी, दुष्यंत यादव, नितिन परमार, सोशल मीडिया संयोजक प्रदीप शर्मा, आई टी संयोजक शुभम् शिव सहित सभी महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनगणना सेल का किया औचक निरीक्षण, कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** आज जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित जनगणना सेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद में संचालित जनगणना-2027 से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जनगणना कार्यों से संबंधित अभिलेखों, डाटा संकलन, मकानीकरण तथा अन्य तैयारियों का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जनगणना कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता एवं शुद्धता के साथ संपादित किए जाएं।उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आंकड़े विकास योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का आधार बनते हैं।

इसलिए प्रत्येक स्तर पर गंभीरता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने जनगणना सेल में उपलब्ध संसाधनों, अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जनगणना सेल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंधी तूफान ने मचाई फिर तबाही



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** आंधी-तूफान ने जनपद में जमकर तबाही मचाई। कई स्थानों पर पेड़, होर्डिंग और अस्थायी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग द्वारा सहारनपुर में तेज आंधी और बारिश का रेड अलर्ट भी जारी किया गया था। भीषण गर्मी और कड़ी धूप से लोगों को राहत देने के लिए सहारनपुर नगर निगम द्वारा शहर के रेड लाइट क्षेत्रों और प्रमुख चौराहों पर ग्रीन कलर के पर्दे और नेट लगाए गए थे, ताकि राहगीरों को छाया मिल सके। हाल ही में नगर निगम ने गर्मी से बचाव के लिए ग्रीन नेट लगाने की विशेष व्यवस्था शुरू, लेकिन आज फिर आज तेज तूफान की चपेट में ये ग्रीन पर्दे भी आ गए। कई स्थानों पर पर्दे फट गए और उन्हें सहारा देने वाले बांस टूट गए, जिससे काफी नुकसान हुआ।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों की बैठक, पत्रकार सम्मान और सुरक्षा पर हुई चर्चा

लुकमान खान



**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पूरनपुर ब्लॉक सभागार में ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकारों और संगठन से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के मूल्यों, पत्रकारों की एकजुटता तथा उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान घुंघचाई क्षेत्र के एक पत्रकार ने कवरेज के समय पुलिसकर्मियों द्वारा कथित अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला संगठन के समक्ष रखा। शिकायत सुनने के बाद उपस्थित पत्रकारों ने मामले पर चिंता व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। बैठक समाप्त होने के बाद संगठन के पदाधिकारी और सदस्य घुंघचाई थाने पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित प्रकरण को अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। उस समय थाना प्रभारी के मौजूद न होने पर उनसे फोन पर संपर्क किया गया।

थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व समाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। मंडल अध्यक्ष अनुज सक्सेना ने पत्रकारों की एकता को समय की आवश्यकता बताया।

जिला संरक्षक राजकुमार श्रीवास्तव ने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया, जबकि तहसील अध्यक्ष रामनिवास कश्यप ने निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता बताई। बैठक में तहसील प्रभारी सबलू खान सहित रुसान अहमद, हनीफ धर्मेंद्र कुमार शर्मा सर्वेश कुमार शर्मा सन्तोष कुमार यादव राजेंद्र कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे तथा संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर आगे की रणनीति पर चर्चा की।

# पीलीभीत में तेज रफ्तार में हुआ एक्सीडेंट युवक गंभीर

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** गजरौला कला थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का तांडव देखने को मिला, जहाँ एक लापरवाह कार चालक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद से ही क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार 26 मई की शाम करीब 6 बजे गजरौला कला निवासी सुनील गिरी अपने साथी किशन पाल के साथ पूरनपुर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बिजलीघर और मंदिर के बीच पहुंचे, सामने से काल बनकर आई एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक वाहन को बेहद तेज और लापरवाही से चला रहा था और उसने गलत दिशा में आकर बाइक में सीधी टक्कर मारी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर कर दिया है, जहाँ दोनों युवक एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। पीड़ितों के परिजनों की शिकायत पर गजरौला कला पुलिस ने कार चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# अब हरे-नीले के साथ लाल-काला डस्टबिन भी होगा किचन में

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** अब प्रत्येक घर में हरा, नीला, काला एवं लाल रंग के चार अलग-अलग डस्टबिन रखकर घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 में किए गए संशोधनों के अनुसार प्रत्येक परिवार के लिए चार प्रकार से कचरे का पृथक्करण करना आवश्यक किया गया है।

नगर निगम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग तथा उमंग सुनहरा कल के तत्वावधान में लोगों को जागरुक करने के लिए चार डस्टबिन आधारित कचरा पृथक्करण जागरूकता स्टिकर का लोकार्पण किया गया।

स्टिकर लोकार्पण अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह एवं निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा द्वारा किया गया। अपर नगरायुक्त ने बताया कि यह विशेष स्टिकर प्रत्येक घर की रसोई (किचन) में लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को यह स्पष्ट जानकारी मिल सके कि किस प्रकार का कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाना है।

इससे कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया सरल होगी तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। स्टिकर में चारों डस्टबिनों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि हरे डस्टबिन में फल एवं सब्जियों के छिलके, सड़े-गले फल सब्जियां, बगीचे का कचरा आदि, नीले डस्टबिन में कागज, गत्ता, प्लास्टिक, पैकिंग डब्बे आदि, लाल डस्टबिन में मास्क, दस्ताने, नैपकिन्स, डाइपर्स, पैड्स आदि तथा काले डस्टबिन में रसायन, पेंट, बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सिरिंज आदि का कचरा डाला जायेगा। डॉ. शाह ने नागरिकों से अपील की है कि वे चार डस्टबिन प्रणाली को अपनाकर कचरा पृथक्करण में सहयोग करें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा इससे गीले, सूखे व घरेलू खतरनाक एवं अन्य अपशिष्टों को निर्धारित डस्टबिन में डालने की आदत विकसित होगी। निगम की यह पहल शहर में स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ सहारनपुर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का संचालन उमंग के प्रबंधक मयंक पाण्डेय ने किया।

# राज्य मंत्री द्वारा दिवंगतों के परिवार जनों को आपदा राहत कोष से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार प्राकृतिक आपदा राहत योजना के अंतर्गत राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह एवं पूर्व विधायक नरेश सैनी द्वारा तहसील बेहट में विगत दिनों बाढ़ के रूप में आई प्राकृतिक आपदा के कारण दिवंगत हुई चंद्रो देवी पत्नी राजेंद्र एवं सावित्री देवी पत्नी चंद्रभान के शोकाकुल परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उन्हें ढांढस बंधाया। राज्य मंत्री द्वारा दिवंगतों के परिवार जनों को आपदा राहत कोष से 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र उपस्थित रहे।

# बीसलपुर में विद्युत विभाग के कर्मचारी पर अवैध वसूली और धमकी देने का आरोप

लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** बीसलपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग के एक कर्मचारी पर अवैध धन उगाही और उपभोक्ताओं को धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में एक लिखित शिकायत विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता श्याम कृष्ण मोरी ने आरोप लगाया है कि विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारी प्रमोद कुमार द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह धन उगाही की जा रही है तथा बिजली उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि विरोध या शिकायत करने पर संबंधित कर्मचारी कथित रूप से लोगों को धमकाता है और अपने ऊपर कई मुकदमे दर्ज होने की बात कहकर दबाव बनाने का प्रयास करता है।

# हत्या के प्रयास में फरार चल रहा वांछित अभियुक्त फैजान गिरफ्तार

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निदेर्शानुसार अपराधियों और वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास (जानलेवा हमले) के मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। बीती 15 अप्रैल 2026 को थाना फतेहपुर के उपनीरिक्षक मशकूर अली को ग्राम कलालहटी में दो पक्षों के बीच भारी विवाद की सूचना मिली थी।

गांव में पुस्तैनी जमीन पर कब्जे और ट्यूबवेल का पानी चलाने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। प्रथम पक्षः खुरशैद, नौसाद, गुलबहार, तनवीर, हुसैन, जुनैद और सलमान। द्वितीय पक्षः अरशद, परवेज, गुड्डू, फैजान, शाहरून व अन्य 2-3 अज्ञात व्यक्ति। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट की थी। इस संबंध में थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 145/26 के तहत बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 109(1), 191(2), 191(3), 115(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस तत्परता दिखाते हुए पूर्व में ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार बचे हुए आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। आज दिनांक 30 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्य करते हुए फतेहपुर पुलिस ने इस मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त फैजान पुत्र लतीफ (निवासी ग्राम कलालहटी, थाना फतेहपुर, सहारनपुर) को उसी के गांव कलालहटी से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वीरेन्द्र सिंह राणा (प्रभारी निरीक्षक, थाना फतेहपुर), भूपेन्द्र शर्मा (वरिष्ठ उपनिरीक्षक, थाना फतेहपुर), हैड कांस्टेबल 961 रोहित राणा (थाना फतेहपुर), हैड कांस्टेबल 231 रोहित (थाना फतेहपुर), कांस्टेबल 1323 कुलदीप (थाना फतेहपुर) साथ रहे।

# बमरौली तिराहा स्थित घटना गोली काण्ड करने वाला एक शातिर अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल

लुकमान खान



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** थाना बिलसंडा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में दिनांक 30.मई .2026 को शांति व्यवस्था/अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान समय लगभग 05:00 बजे प्रातः बण्डा रोड पर ईटगांव नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का संकेत दिया गया। मोटरसाइकिल सवार बदमाश द्वारा रुकने के बजाय पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी गई। उक्त बदमाश की फायरिंग में एक गोली मुख्य आरक्षी सुनील कुमार के दाहिने बाजू को छूती हुई निकल गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त लक्की मौर्य पुत्र राधेलाल निवासी मोहल्ला तिलहर जेई थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 21 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे मौके पर ही ईटगांव नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर, जिसकी नाल में एक खोखा कारतूस .315 बोर फंसा हुआ था, एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा एक अदद मोटरसाइकिल चेचिस नं0 04ए16321052 बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ एवं अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि दिनांक 28.मई .2026 को थाना बिलसंडा क्षेत्रान्तर्गत बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान में कुछ व्यक्तियों द्वारा घुसकर मारपीट की गई थी। शोर-शराबा होने पर पास में कपड़े की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी पप्पू गुप्ता पुत्र श्रीकृष्ण निवासी कस्बा बिलसंडा मौके पर पहुंचे तथा भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जिस पर अभियुक्त पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा तमंचे से फायर कर दिया गया। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल पप्पू गुप्ता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

उक्त घटना के संबंध में वादी पंकज कटियार पुत्र रामकृपाल निवासी बीसलपुर रोड, कस्बा व थाना बिलसंडा जनपद पीलीभीत की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बिलसंडा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 05 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना की साजिश में शामिल अभियुक्तगण रमेश चन्द्र कटियार पुत्र ओमप्रकाश, विमल पुत्र रमेश चन्द्र तथा सीतेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासीगण ग्राम मुकरमपुर थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर को दिनांक 29.मई .2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है। विवेचना एवं संकलित साक्ष्यों से यह तथ्य प्रकाश में आया कि पंकज कटियार एवं उनके ससुरालीजनों के मध्य पूर्व से चले आ रहे पारिवारिक विवाद एवं रंजिश के चलते पंकज कटियार के ससुर/सालों के द्वारा अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर उक्त घटना की साजिश रची गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त लक्की मौर्य पुत्र राधेलाल निवासी मोहल्ला तिलहर जेई थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर, उम्र 21 वर्ष उपरोक्त इस अभियोग में वांछित अभियुक्त है। घायल मुख्य आरक्षी सुनील कुमार की स्थिती सामान्य है।अभियुक्त लक्की मौर्य को उपचार हेतु सीएचसी बीसलपुर भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर किया गया जहाँ पर वह उपचाराधीन है। उक्त मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में थाना बिलसंडा पर सुसंगत धराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम व एसपी ने बन्दियों से की वार्ता, जानी समस्याऐं एवं बंदियों की समस्याओं का निस्तारण करने के दिये निर्देश



लुकमान खान

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, अन्य बैरकों, अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से बातचीत करते हुये उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं एवं भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन कार्यकर्ताओं को दे गए खासी सटीक नसीहत

**ओ पी उनियाल**

**देहरादून(वेलकम इंडिया)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का उत्तराखंड का तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरा आज पूरा हो गया। उनके इस दौरे को 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए बूस्टर डोज माना जा सकता है। जिस हिसाब से उन्होंने तीन दिन अलग-अलग बैठकें कर संगठन को मजबूत बनाने, संगठन में अनुशासन बनाए रखने, सरकार और संगठन के बीच तालमेल बनाने, अनावश्यक बयानबाजी न करने, सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के माध्यम से सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने, बूथ लेवल पर कार्य करने के निर्देश दिए और चर्चाएं की, उस हिसाब से आने वाले समय में राज्य में संगठन की अलग ही छवि निखरना तय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने से लेकर नवाचार, स्टार्टअप और रचनात्मकता को बढ़ावा देने तक, कई परिवर्तनकारी पहलों ने युवा भारतीयों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं, जिससे वे विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के विजन ने युवाओं को प्रोत्साहित किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका उत्तराखंड में पहला दौरा था। जिसके माध्यम से वे संगठन कार्यकर्ताओं को खासी नसीहत दे गए।



### टपकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना

शनिवार सुबह अपने दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष देहरादून के ऐतिहासिक टपकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक किया और आरती में भाग लिया। इस दौरान मंदिर के महंत कृष्ण गिरी महाराज और दिगंबर भरत गिरी ने उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में टपकेश्वर महादेव चित्र भेंट किया।

### बूथ अध्यक्ष के घर पहाड़ी और गोरखा स्वाद का जलपान

मंदिर में दर्शन के बाद नितिन नवीन गढ़ी कैंट (डाकरा) स्थित बूथ संख्या 141 के अध्यक्ष किशोर कुमार के आवास पर पहुंचे। भाजपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था।

इस जलपान कार्यक्रम की खास बात यह थी कि किशोर कुमार के परिवार ने उनके स्वागत में उत्तराखंड के पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों के साथ-साथ स्थानीय गोरखा समाज के पारंपरिक पकवानों का खास फ्यूजन (मेनू) तैयार किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष के परिवार के साथ बैठकर सादगी से नाश्ता किया।

### युवाओं और प्रबुद्धजनों से सीधा संवाद

इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में प्रबुद्ध गोष्ठी को संबोधित किया और दोपहर 2:00 बजे मुख्यमंत्री आवास (मुख्य सेवक सदन) में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**टिकट के सवाल पर नसीहत:** राजनीति में युवाओं को टिकट मिलने के सवाल पर उन्होंने बेहद व्यावहारिक जवाब देते हुए कहा– 'अच्छा खिलाड़ी वही बनता है जो पिच पर समय बिताता है। जो संगठन में रहकर धैर्य के साथ समय लगाएगा, उसे फल भी जरूर मिलेगा।'

**एआई और डिजिटल विनिर्माण:** उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत अब केवल श्रम शक्ति का जरिया नहीं, बल्कि वैश्विक विनिर्माण (Global Manufacturing Chain) का केंद्र बन रहा है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को रोजगार-केंद्रित बनाने की बात कही।

### दौरे की बड़ी बातें और नेताओं को सख्त संदेश

तीन दिनों तक चली मैराथन बैठकों में नितिन नवीन ने उत्तराखंड भाजपा के सांसदों, विधायकों, मंत्रियों, जिला अध्यक्षों और मेयरों के साथ अलग-अलग समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संगठन के सामने दो टूक बातें रखीं।

**पब्लिक प्लेटफॉर्म पर बयानबाजी बर्दाश्त नहीं:** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सख्त लहजे में अनुशासन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन या सरकार से जुड़ी किसी भी तरह की नाराजगी या अंदरूनी मुद्दों को सार्वजनिक मंचों या सोशल मीडिया पर बिल्कुल भी न लाया जाए। अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

**2027 का चुनावी फॉर्मूला:** उन्होंने कोर कमेटी की बैठक में निर्देश दिया कि पार्टी की सबसे मजबूत इकाई 'बूथ' है। सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए।

**डिजिटल और ग्राउंड का तालमेल:** उन्होंने आईटी, सोशल मीडिया सेल और प्रवक्ताओं के साथ विशेष बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि विपक्ष के नकारात्मक एजेंडे और भ्रामक खबरों का जवाब देने के लिए डिजिटल विंग को आक्रामक होना होगा, साथ ही ग्राउंड स्तर पर सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाना होगा।

**एक भावुक पल:** अपने प्रवास के दूसरे दिन नितिन नवीन उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बी. सी. खंडूरी के आवास पर भी गए, जहां उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मुलाकात की।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नितिन नवीन का यह दौरा साल 2027 में होने वाले 7 राज्यों के विधानसभा चुनावों की तैयारी की शुरूआत है। उत्तराखंड के बाद वे क्रमवार तरीके से अन्य चुनावी राज्यों का भी ऐसा ही ग्राउंड-लेवल दौरा करेंगे। वह आज शाम 4:35 बजे की फ्लाइट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# उपज ने मनाया 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस

## लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका: सांसद तेजवीर सिंह चौधरी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) मथुरा के तत्वावधान में शनिवार को 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन एक स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्षों के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में आयोजक एवं उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी, विशिष्ट अतिथि बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसून शुक्ला, उपज प्रदेश महामंत्री आनंद कर्ण, बलदेव ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष



बालमुकुंद तिवारी सहित अन्य अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर एवं राधा-कृष्ण का छायाचित्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चौधरी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज को जागरूक करने, जनसमस्याओं को उठाने और शासन-प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है।

विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता की दो सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, डिजिटल युग की चुनौतियों तथा निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। साथ ही पत्रकारों के मानदेय, सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीरता से प्रकाश डाला गया।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सी.पी. सिकरवार, हेमंत अग्र हरि,विजय सिंघल, अनुज उपमन्यु, ऋषि पंडित, कन्हैया लाल स्वीटी सुपारी, डॉ अशोक अग्रवाल सहित जिले भर के पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केशवानंद त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उपज के कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त किया गया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# मेंभाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर 'सेव फ्यूल, सेव नेशन' अभियान का शुभारंभ किया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के देहरादून आगमन पर कैंट विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में 'सेव फ्यूल, सेव नेशन' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कैंट विधानसभा में अपने मजबूत संगठनात्मक कौशल और कार्यकताओं के व्यापक जनसमर्थन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं एवं युवाओं की सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से की गई। रोड शो




के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं अभियान में सहभागिता की और इसकी सराहना करते हुए इसे राष्ट्रहित से जुड़ा प्रेरणादायी अभियान बताया। कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत करते हुए 'सेव फ्यूल, सेव नेशन' अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कार्यकताओं का उत्साह और ऊर्जा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि 'सेव फ्यूल, सेव नेशन' अभियान केवल ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जन-जन तक यह संदेश पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में अभियान को घर-घर तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया।

# मथुरा रिफाइनरी नगर की सुरक्षा तार-तार

## 100 दिन बाद भी हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा करने में पुलिस व प्रबंधन नाकाम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** एशिया की प्रतिष्ठित तेल रिफाइनरियों में शुमार मथुरा रिफाइनरी की आवासीय कॉलोनी रिफाइनरी नगर की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से सवालों के घेरे में है। बेहद सुरक्षित और संवेदनशील माने जाने वाले इस वीआईपी क्षेत्र में हुई एक हाई-प्रोफाइल चोरी को 100 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन न तो स्थानीय पुलिस और न ही रिफाइनरी का सुरक्षा तंत्र इसका सुराग लगा पाया है। मामला रिफाइनरी नगर के सबसे सुरक्षित जोन का है। यहाँ ईडी बंगले के ठीक बराबर में स्थित सीजीएम के सरकारी आवास को चोरों ने निशाना बनाया था। इतनी हाई-प्रोफाइल जगह पर हुई इस वारदात ने रिफाइनरी नगर के सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रख दी है। सूत्रों से मिली बेहद चौंकाने वाली जानकारी के मुताबिक, जिस रात सीजीएम के आवास पर चोरी की इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया, उस रात कॉलोनी में बाहर से एक थ्री-व्हीलर ऑटो आया था। रिफाइनरी नगर के मुख्य गेट पर मुस्तैद रहने वाले सुरक्षाकर्मियों के रजिस्टर में इस ऑटो की कोई एंट्री दर्ज नहीं मिली,




जबकि प्रत्येक वाहन की एंट्री गेट पर दर्ज की जाती है। इस लापरवाही के बाद रिफाइनरी नगर की आंतरिक सुरक्षा में तैनात डीजीआर गार्डों की कार्यप्रणाली और मुस्तैदी पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। बिना चेकिंग और बिना एंट्री के एक बाहरी वाहन इतने संवेदनशील इलाके में कैसे दाखिल हो गया? रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने हाई-प्रोफाइल चोरी पर अभी तक चुप्पी साध रखी है और पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। प्रबंधन की यह चुप्पी कई नए सवालों को जन्म दे रही है। वहीं दूसरी ओर, रिफाइनरी थाना पुलिस भी 100 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हवा में हाथ-पैर मारकर चुप बैठ गई है। पुलिस के पास अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं है, जिससे स्थानीय निवासियों और अधिकारियों में असुरक्षा की भावना पनप रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की संपत्ति और वीआईपी अधिकारियों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाला तंत्र इतना लाचार हो चुका है कि 100 दिन में एक ऑटो और चोरों का पता नहीं लगा सका या फिर इस खामोशी के पीछे कोई गहरा राज है? मथुरा रिफाइनरी के कॉर्पोरेट प्रबंधक विवेक शर्मा से जब हाई-प्रोफाइल चोरी के विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह घटना उनकी जानकारी में नहीं है, वह सीजीएम सुधांशु कुमार से मामले की जानकारी करके बताएंगे, हाई-प्रोफाइल चोरी पर सभी लोग चुप्पी साधते हुए नजर आ रहे हैं।

# ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : डीएम सीपी सिंह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जनपद के पत्रकारों, संपादकों, लेखकों एवं मीडिया कर्मियों को सादर नमन करते हुए कहा कि लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं, जो न केवल घटनाओं को सामने लाते हैं, बल्कि जनभावनाओं और जनसमस्याओं को भी प्रभावी तरीके से शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्रज क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक महत्व के लिए विश्वभर में विख्यात है।

इस धरोहर को संरक्षित एवं प्रसारित करने में मीडिया की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की निष्पक्ष और सशक्त लेखनी ने हमेशा समाज को सही दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारिता केवल खबरों का माध्यम नहीं, बल्कि



समाज में जागरूकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक प्रभावी साधन है।

वर्तमान समय में जब सूचना का दायरा तेजी से बढ़ रहा है, तब पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

डीएम सीपी सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि जनपद मथुरा के पत्रकार आगे भी अपनी कलम के माध्यम से समाज को जागरूक करते रहेंगे और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहेंगे।

अंत में उन्होंने कामना की कि ब्रज की संस्कृति सदैव अमर रहे, सत्य की कलम निरंतर चलती रहे और जनहित की आवाज हमेशा बुलंद बनी रहे।

# सिविल लॉयर्स फोरम मथुरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, जिला जज रहे मुख्य अतिथि

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** वर्ष 2000 में स्थापित बार एसोसिएशन सिविल लॉयर्स फोरम (पंजीकृत), सिविल कोर्ट मथुरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय बृजवासी लैंड्स इन होटल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज विकास कुमार तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का फूलमालाओं और दुपट्टों से स्वागत एवं सम्मान किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पदों की शपथ ली। इनमें महेन्द्र प्रसाद शर्मा एडवोकेट ने अध्यक्ष, राकेश तिवारी एडवोकेट ने उपाध्यक्ष, विजेन्द्र वैदिक एडवोकेट ने सचिव, संकल्प शर्मा एडवोकेट ने संयुक्त सचिव, दिनेश अग्रवाल एडवोकेट ने ऑडिटर तथा धर्मेन्द्र कुमार एडवोकेट ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप




में जिला जज विकास कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथियों में मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह एडवोकेट, सचिव मनोज शर्मा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश शर्मा एडवोकेट, हुकम चंद तिवारी एडवोकेट, राजकुमार अग्रवाल एडवोकेट, महेश चतुर्वेदी एडवोकेट, मुकेश खंडेलवाल एडवोकेट, के.के. अरोड़ा एडवोकेट, रवि उपाध्याय एडवोकेट, अजय शर्मा एडवोकेट, धर्मेन्द्र शर्मा एडवोकेट तथा रामप्रकाश शर्मा एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिविल लॉयर्स फोरम के पूर्व सचिव विक्रम सिंह एडवोकेट ने किया। शपथ ग्रहण के उपरांत संचालन की जिम्मेदारी नव निर्वाचित सचिव विजेन्द्र वैदिक एडवोकेट को सौंप दी गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने तथा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और उपस्थितजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जौनपुर के संदीप सिंह, अशोक मिश्रा और आजाद बिंद दूल्हा के हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए: मो0 अरशद खान

**जौनपुर(वेलकम इंडिया)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं जौनपुर सदर के पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने एक बयान जारी कर उत्तर प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और हत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जौनपुर में कल ही तेजी बाजार धाना क्षेत्र के कान्हापुर गांव की चौहान बस्ती में एक व्यक्ति अशोक मिश्रा की जलाकर हत्या कर दी गई, जबकि लखनऊ में जौनपुर निवासी संदीप सिंह की दो दिन पूर्व निर्मम हत्या कर दी गई। प्रदेश में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं सरकार की कानून–व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं। मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि जौनपुर के बड़ऊर–जपटापुर के बहुचर्चित आजाद बिंद (दूल्हा) हत्याकांड के मुख्य आरोपी भी अभी तक



गिरफ्तार नहीं किए जा सके हैं, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आजाद बिंद (दूल्हा) हत्याकांड के मुख्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अशोक मिश्रा हत्याकांड, संदीप सिंह हत्याकांड तथा अन्य गंभीर आपराधिक मामलों के अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उन्हें कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।

# ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर हुआ सुंदरकांड पाठ, श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/नौहझील।** श्रीशिव श्रृंगऋषि सेवा समिति सीगोनी के तत्वावधान में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग स्थित गांव रामगढ़ी बिजली घर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड का पाठ श्री चमन बिहारी महाराज जी के द्वारा गाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कर्मचारियों, श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया तथा क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और भगवान श्रीराम



व हनुमान जी के जयकारों से आयोजन स्थल गूंज उठा। समिति के अध्यक्ष हरवीर सिंह ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है और लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ता है।

कार्यक्रम के दौरान सभी परिक्रमार्थियों श्रद्धालुओं को पूरे दिन भर भंडारा कर प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्तागणों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं की मेहनत से यह भंडारा सफल हुआ है। जिन्होंने दिन भर अपनी पूरी मेहनत देकर इस भंडारे को सफल बनाया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हरवीर सिंह चौधरी,योगराज चाहर, सत्यदेव भगत जी,श्याम चाहर, जगदीश पुजारी,संजय चौधरी,डालचंद,वेगराज चाहर, इंदरपाल सिंह, आदि कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोवर्धन में परिक्रमा करने आए बुजुर्ग श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** गोवर्धन की परिक्रमा लगाने आए एक श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय विजयपाल के रूप में हुई है, जो अपने साथियों के साथ दिल्ली से परिक्रमा के लिए आए थे।

परिक्रमा के दौरान विजयपाल को अचानक सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत हुई, जिसके बाद उनके साथी उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धन लेकर पहुंचे।

जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार विजयपाल मूल रूप से अलीगढ़ जिले के इगलास थाना क्षेत्र के टीकापुर गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में दिल्ली में रह रहे थे। बताया गया कि वह दिल्ली पुलिस में एसएचओ पद पर कार्यरत रहे थे और जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा चौधरी ने बताया कि मरीज को अचेत अवस्था में लाया गया था और जांच के दौरान उन्हें मृत घोषित किया गया।

प्राथमिक रूप से मामला हृदयगति रुकने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्तदान

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**राजस्थान।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में धौलपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री शिब्बू लोधा , एवं सैऊप ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय धौलपुर स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांग्रेस कार्यकताओं, युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कुल 32 यूनिट रक्तदान किया गया।




मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष साकेत बिहारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर लीना शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, पूर्व प्रधान रामहेत कुशवाहा ,नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव श्रीराम लोधा , अजीत जलमान उस्मानी राजेश कुशवाहा , शकील सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। विशेष रूप से सैपऊ एवं बाड़ी क्षेत्र के युवाओं ने भी जिला मुख्यालय पहुंचकर रक्तदान किया और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। विधायक रोहित बोहरा जी के जन्मदिवस को सेवा, सहयोग और मानवता के संदेश के साथ मनाना अत्यंत प्रेरणादायक है।

सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं एवं रक्तदाताओं ने विधायक रोहित बोहरा को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

### रक्तदान करने वाले रक्तदाताः

रामहेत कुशवाहा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, दीपक सक्सेना, रामेंद्र मीणा, अनिल अरेला, मनीष मंगल, लोकेंद्र कंडेरा, समृद्धि दीक्षित, अभिषेक यादव, परवेश पठान, शिब्बू लोधा, निखिल अग्रवाल, रवि, अजय कुमार, रामवीर, आमिद खान, मनीष कुशवाहा, वीरेंद्र, अवधेश कुमार, नाहर सिंह, रिंकू, वीरेंद्र कुमार, राजकमल, विपिन, हरिओम, हरिशंकर गोयल, बृजमोहन, बृजेश कुशवाहा, हरीश कुशवाहा, विजेंद्र सिंह, राजकुमार सहित कुल 32 युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया बाद में केक काटकर और बड़े हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया

# दबिश के दौरान 16 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, उ0नि0 विनय कुमार पाण्डेय, उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 बलराम यादव, का0 मनीष यादव, का० राजन यादव, का० भानू प्रताप सिंह, रि0का0 अंकित पाल, रि0का0 आनन्द शुक्ला, रि0का0 शिवम गुप्ता ने 04 वारण्टी मो0 हसन पुत्र मो0 हनीफ निवासी धौरहरा थाना कोतवाली खलीलाबाद, सलीम जावेद पुत्र मुन्नू साकिन काशीराम आवाश ब्लाक संख्या 83 आवास संख्या 963 थाना कोतवाली खलीलाबाद, राजकुमार गुप्ता पुत्र विद्या गुप्ता निवासी ग्राम पायलपार थाना कोतवाली खलीलाबाद, भगवानदास पुत्र तामेश्वर निवासी गौसपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर भेज दिया। थाना दुधारा उ0नि0 राजेन्द्र सिंह, उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, उ0नि0 अनिल मिश्रा, उ0नि0 अभय कुमार पाण्डेय, हे0का0 राजेश प्रसाद, हे0का0 जयचन्द्र कन्नौजिया, का0 गुड्डू यादव, रि0का0 अंकलेश्वर पाण्डेय, रि0म0का0 पूर्णिमा सिंह राठौर ने 02 नफर वारण्टी वलीमुहम्मद पुत्र नसीबुल्ला निवासी बंगुलिया थाना दुधारा, तबस्निशा पत्नी बदरुदोजा निवासी लौकीलाला थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना महुली उ0नि0 श्री जयहिंद भारती, उ0नि0 श्री दिलीप सिंह, हे0का0 श्रीकांत यादव, हे0का0 मिथिलेश्वर चौधरी, का0 सूर्यनारायण गुप्ता,का0 विकास साहनी ने 06 नफर वारण्टी दिलशाद अहमद पुत्र इब्राहीम निवासी मानपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, फूलबदन पुत्र दारसू निवासी काली जगदीशपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, राजवंत पुत्र राममूरत निवासी मठिया थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, सत्यवान सिंह पुत्र जगन्नाथ निवासी जमुनिकला थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, रामजतन पुत्र शेषनरायण निवासी काली जगदीशपुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, शंभू पुत्र रामजी निवासी ईटवा थाना महुली को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना धनघटा उ0नि0 हबीब अहमद, उ0नि0 अवधेश कुमार यादव, उ0नि0 हरेश्याम यादव, रि0का0 रोहित राज रि0का0 हिमान्शु सिंह ने 03 नफर वारण्टी राजेश पुत्र बदल ग्राम बड़गो सरैना बसरवारीगाँव थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर, विनोद शर्मा पुत्र रामबुझ शर्मा साकिन मड़पौना चौराहा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर, दिनेश पुत्र योगेन्दर साकिन सुरैना थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना बखिरा उ0नि0 राममिलन साहनी, का0 लवकेश यादव 01 नफर वारण्टी रामअवध पुत्र बांके निषाद निवासी झुंगिया थाना बखिरा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल कर सीएम और डीजीपी से शिकायत

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस पर पीड़ित को अवैध रूप से हिरासत में रखने और रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। मामले में उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के डीजीपी को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है।शनिवार को मोहल्ला खेल निवासी आरिफ कुरैशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में आरिफ ने बताया कि शुक्रवार को मोहल्ले में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित को हिरासत में ले लिया और देर रात उससे 16 हजार रुपये लेने के बाद छोड़ दिया।आरिफ ने थाने के एक सिपाही समेत अन्य पुलिसकर्मियों पर अवैध वसूली का



आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री और डीजीपी को शिकायत भेजकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# निडर होकर निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता करें पत्रकार: हाशिम रिजवी

## पत्रकारों की एकजुटता पर ही उन्हें मिलेगा सम्मान और अधिकारः कृष्ण प्रताप सिंह

असदुल्लाह सिद्दीकी

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस` दिवसे के शुभ` अवसर पर शनिवार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन कार्यालय डुमरियागंज पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया' जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष राजेश यादव व संचालन देवानंद पाठक ने किया।इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष( पूर्वांचल ) हाशिम रिजवी व जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह( बबबू ) ने कहा कि पत्रकारों का एकजुटता बहुत ही जरूरी है' पत्रकारों के एकजुट रहने से उनका उत्पीड़न करने का किसी का भी साहस नहीं हो पाएगा। हाशिम रिजवी ने पत्रकारो को संकल्प दिलाया कि आज



दृढ संकल्प ले की हम निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता करेगे और कभी भी पत्रकारिता का ध्वज झुकने नही देगे।वही एसोसिएशन के बस्ती मंडल प्रवक्ता विजय यादव ने कहा कि पत्रकारिता सम्मान एवं समाज हित के लिए के लिए किया जाता है।पत्रकारिता निष्पक्ष तरीके से करना बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार की एकजुटता समाज में उसकी भूमिका पर विशेष चर्चा किया गया।कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम आयोजक इडियंन जनर्लिस्ट एसोसिएशन डुमरियागंज तहसील इकाई के तहसील अध्यक्ष राजेश यादव ने सभी पत्रकारो से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने की अपील की और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर आईजेए के मण्डल प्रवक्ता विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, सच्चिदानंद मिश्र, देवानंद पाठक ,मोहम्मद इस्माइल, सैफ हैदर रिजवी, गणेश अग्रहरि आदि पत्रकारे मौजूद रहे।

# गेहूं पिसाने गये व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी टक्कर



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** बीएमसीटी बस्ती - मेंहदावल मार्ग पर स्थित उसराशहीद चौराहे पर बस्ती की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैली हास्पिटल बस्ती रेफर कर दिया। उसराशहीद निवासी रामचंद्र पुत्र राम दुलारे आयु 65 साल गेहूं पीसने गए थे। चक्की से वापस घर लौट रहे रहे थे। बीएमसीटी बस्ती - मेंहदावल मार्ग पर स्थित उसराशहीद चौराहे पर बस्ती की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैली हास्पिटल बस्ती रेफर कर दिया।

# दबंगों पर धमकी देने का आरोप,मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट, धमकी देने और परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी मुनेश पत्नी जगमेहर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोगों ने पहले उसके पुत्र राहुल के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराकर उसे जेल भिजवा दिया था। उनका आरोप है कि अब भी विपक्षी पक्ष परिवार को अन्य मामलों में झूठा फंसाने और जेल भिजवाने की कोशिश कर रहा है।महिला के अनुसार छह मई 2026 की शाम वह अपने घर के बाहर खड़ी



थी, जबकि उसका पति जगमेहर सिंह और पुत्र राहुल घर पर मौजूद थे। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए परिवार को गांव से निकालने तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा होने पर उसका पति मौके पर पहुंच गया, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया।पीड़िता का आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी अपने परिजनों और अन्य लोगों के साथ दोबारा पहुंचा तथा उसके पति और पुत्र के साथ मारपीट की। महिला का कहना है कि आरोपियों के पास धारदार हथियार भी थे, जिसकी वीडियो और फोटो उसके पास मौजूद हैं। उसने घटना की शिकायत थाने में भी दी थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।महिला ने मुख्यमंत्री से शिकायत की निष्पक्ष जांच कराने, परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य में किसी भी शिकायत या आरोप की निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उसने आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष से उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम निरीक्षक अपराध विरेन्द्र कुमार यादव, उ0नि0 इल्ताफ खां ने शनिवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1195/2025 धारा 64(1), 333, 351(3), 352, 115(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिवा उर्फ शिवम पुत्र बाबूलाल निवासी मुडाड़ीहा खुर्द थाना दुधारा जनपद संत कबीर नगर को बगहिया मोड़ इण्डिस्ट्रियल तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 25.12.2025 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने, मारपीट करने व गाली धमकी देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# महिला ने युवक पर तमंचे के बल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया, थाने में दी तहरीर

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने गांव के ही एक युवक और उसके साथियों पर घर में घुसकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता का आरोप है कि गांव का एक युवक काफी समय से उसके मोबाइल फोन पर संपर्क कर उसे परेशान कर रहा था। उसने कई बार युवक को ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह लगातार शादी करने का दबाव बनाता रहा। महिला का कहना है कि चार मई को उसका पति मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था और वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान युवक अपने तीन साथियों के साथ उसके घर में घुस आया।

# घर में घुसकर भाई-बहन पर धारदार हथियारों से हमला, युवक की हालत गंभीर

मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद में घर में घुसकर भाई-बहन पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में भाई बहन घायल हो गए, जबकि युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया।

पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी उमर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था।



आरोप है कि पड़ोस के ही आधा दर्जन लोग उसके घर में घुस आए और उसके भाई आसिफ तथा बहन बुशरा पर धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से परिवार में अफरा-तफरी मच गई।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।हमले में घायल आसिफ और उसकी बहन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद आसिफ की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया, जबकि उसकी बहन को भी काफी चोट आई है । पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पांच लोगों का चालान



मोहसिन रहमानी

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला खेल में तीन दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला खेल में विगत शुक्रवार को नमाज अदा कर लौट रहे दो पक्षों के लोगों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। मारपीट में कई लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और कई लोगों को हिरासत में लिया था। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से जीशान और निसार तथा दूसरे पक्ष से याकूब, यूसुफ और मतलूब का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है।

घायलों की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों को दोबारा विवाद न करने की सख्त चेतावनी भी दी गई है।

# एसपी विकास सांगवान को उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए तीसरी बार मिलेगा डीजीपी डिस्क अवार्ड

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**धौलपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास सांगवान को डीजीपी डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं और जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया जा रहा है। यह उनके सेवाकाल में तीसरी बार होगा, जब उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड मिलेगा।



एसपी सांगवान को इससे पहले भी दो बार महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर और पुलिस अधीक्षक जैसलमेर के पदों पर रहते हुए ये अवार्ड प्राप्त किए थे। धौलपुर में उनके नेतृत्व में पुलिस ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण और जनविश्वास बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अपनी बेहतरीन पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी प्रशासनिक क्षमता के कारण विकास सांगवान ने जिले में एक सख्त और संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाई है। उनके नेतृत्व में धौलपुर पुलिस ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इस उपलब्धि पर जिले के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने खुशी व्यक्त करते हुए एसपी विकास सांगवान को बधाई दी है।

# राष्ट्रीय विकास संगठन द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया मीठा जल

राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** सहारनपुर में सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने वाले राष्ट्रीय विकास संगठनश द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए एक सराहनीय पहल की गई। संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष मनोज फौजी के कुशल नेतृत्व में आज शहर में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में सहारनपुर के माननीय सांसद राघव



लखनपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा और प्यासों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री संगठन विजेंद्र कुमार, महानगर अध्यक्ष सतीश कुमार सेवा मेडल, सूबेदार प्रदीप, राज सिंह फौजी, विनोद कुमार और आशु पुंडीर सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने सेवा भाव के साथ आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा व मीठा जल ग्रहण कराया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विकास संगठन सहारनपुर में सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेता आया है। संगठन के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर दोहराया कि वे मानव सेवा को ही अपना परम धर्म मानते हैं और आगे भी इस तरह के जनहित के कार्य जारी रखेंगे।

# मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने 8 सेंटीमीटर का ब्रेन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला



राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के न्यूरोसर्जनों ने 55 वर्षीय महिला के मस्तिष्क से लगभग 8 सेंटीमीटर आकार का बड़ा ब्रेन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उसे नया जीवन दिया है। सर्जरी के बाद मरीज की चलने-फिरने और हाथ-पैरों की ताकत में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

मरीज श्रीमती मधुबाला पिछले कई महीनों से शरीर के बाईं ओर बढ़ती कमजोरी से परेशान थीं। हालत यह हो गई थी कि उन्हें चलने और दैनिक कार्य करने में भी कठिनाई होने लगी थी। एमआरआई जांच में दिमाग के दाहिने हिस्से में बड़ा ट्यूमर मिला, जो शरीर की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले हिस्से पर दबाव बना रहा था।

मैक्स हॉस्पिटल के न्यूरो एवं स्पाइनल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. अमिताभ गोयल और उनकी टीम ने एडवांस माइक्रोसर्जिकल तकनीक की मदद से सफल ऑपरेशन कर ट्यूमर को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति तेजी से सुधरी और मात्र तीन दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डॉ. गोयल ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के शुरूआती लक्षणों जैसे हाथ-पैरों में कमजोरी, संतुलन बिगड़ना और चीजें हाथ से गिरना आदि को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच और उपचार से ऐसे जटिल मामलों में भी बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। अस्पताल के अनुसार, मरीज अब तेजी से स्वस्थ हो रही हैं और जल्द ही सामान्य जीवन तथा दैनिक गतिविधियों में पूरी तरह लौटने की उम्मीद है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार जेपी गौतम को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**रामघाट(बुलंदशहर)।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार जे.पी. गौतम (रामघाट जरगवां) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डायरी, पेंसिल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।





## पत्रकारिता समाज को बदलने की बड़ी ताकतः जे.पी. गौतम

सम्मान से अभिभूत पत्रकार जे.पी. गौतम ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 30 मई 1826 को भारत के पहले हिन्दी समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन शुरू हुआ था। उन्होंने कहाःजनता की आवाजः पत्रकारिता बेआवाज लोगों की मजबूत आवाज है।

**अहम कड़ीः** यह आम जनता और अधिकारियों के बीच सेतु का कार्य करती है।

**कलम की शक्तिः** कलम की ताकत से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।

**देश का निमार्णः** निष्पक्ष पत्रकारिता से ही हमारा देश महान बनता है।

## सत्य और निर्भीकता ही पत्रकारिता का मूल आधारः प्रमोद लोधी

कार्यक्रम में मौजूद दाधीच मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार लोधी ने पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज में बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है। पत्रकारों को हमेशा सत्य, निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ समाज को जागरूक करने का काम करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में गणमान्य लोग रहे मौजूद।इस गरिमामयी सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से दधीच मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार लोधी, डॉ. धर्मेंद्र लोधी, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह और सौरव कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय युवा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने सांसद को बिजली संकट और सीएचसी में व्याप्त भ्रष्टाचार की दी लिखित शिकायत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर सांसद डॉ भोला सिंह को भाजपा नेता प्रवेंद्र देशवाल ने शिकायती पत्र दिया है। परविंदर देशवाल ने विद्युत संकट से जूझ रहे क्षेत्रीय किसान चिकित्सा पहासू सीएचसी में डॉक्टरों की लापरवाही और भ्रष्टाचार से सांसद को कराया अवगत।परविंदर देशवाल ने बताया है कि पिछले लगातार पांच दिनों से अहमदगढ़ विद्युत स्टेशन से जंगलात वाली लाइन जो नलकूपों के लिए है मात्र 9 से 11 घंटे बिजली मिल पाई है किसानों के अंदर आक्रोश है और तार पूर्णतया जर्जर हैं इंसुलेटर की जगह चप्पल लगा करके काम चल रहा है क्रॉस आरम टूटे के लटक रहे हैं थोड़ी सी हवा चलने पर पूरी रात के लिए बिजली का ब्रेकडाउन हो जाता है इन सारी समस्याओं से पत्र लिखकर के सांसद को अवगत कराया और तत्कालीन समस्याओं जल्द से जल्द समाधान हेतु ठोस कदम उठाने के लिए भी आग्रह किया।

अगले संदर्भ में द्वितीय पत्र सांसद को देकर के पहासू चिकित्सालय में जो लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही हैं आपसी छोटे-मोटे विवादों में डॉक्टरी कराने के लिए पहुंचने वाले व्यक्तियों से रकम वसूल करके ही उनका मेडिकल किया जाता है जिनमें हमारी मातृशक्ति के बच्चा होने वाला होता है जब वह अस्पताल पहुंचती है तो उसे खून की कमी पेट में बच्चों को आढा तिरछा बताया जाता है शरीर में पानी खत्म बताया जाता है उसको भयभीत करके प्राइवेट हॉस्पिटल में जाने के लिए मजबूर किया जाता है और तत्कालीन ऑपरेशन की सलाह दी जाती है क्योंकि आरोप है कि उसी में उनकी कमीशन खोरी होती है इसी के साथ अहमदगढ़ में जहां बड़ी ग्रामीण आबादी बस्ती है वहां जो हॉस्पिटल है उसकी पूर्णता बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गई है चारों तरफ से दीवारें गिरी हुई है और एमबीबीएस डॉक्टर वहां नहीं बैठता इन सारी समस्याओं से उनको अवगत कराया और उनके तत्कालीन समाधान का भी आग्रह किया और सांसद डॉक्टर भोला सिंह ने सभी समस्याओं के समाधान का निस्तारण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया है।

# स्वदेशी अपनाने के लिए किया जागरूक




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना/बुलंदशहर।** अखिल भारतीय स्वदेशी दिवस पर नागरिकों को भारत में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके लिए हिंदजन सेवा समिति द्वारा स्वदेशी अपनाओ, अपनों की आय बढ़ाओ संदेश के साथ नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। संस्था अध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता की मजबूती के लिए नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना अत्यावश्यक है। कहा कि स्वदेशी ही सच्चा राष्ट्रवाद है, जिससे हम अपने श्रमिकों व कारीगरों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। कहा कि देश के कारीगर पसीना बहाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं तथा हम देशवासियों को उनके प्रति स्वदेशी अपनाकर जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार तेजेंद्र सिंह निक्कू, अभय त्रिवेदी, रईस कुरैशी, सत्यप्रकाश, आरती, तोमर को कुलदीप, नेत्रपाल, शिक्षक नरेंद्र शर्मा आदि ने सहयोग किया।

# डीह बाबा से मानेश्वर महादेव मंदिर तक निकला कलश यात्रा, रही भारी भीड़







**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के कछवारोड़ छतेरी मानापुर गांव में शनिवार को सप्तदिवसीय श्री हवनात्मक रुद्र महायज्ञ एवं भव्य श्रीराम कथा के पहले ग्रामवासियों द्वारा गांव के शिव मंदिर से पूजा-अर्चना हवन-पूजन के बाद बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों द्वारा भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे ढोल नगाड़ों के साथ निकाला गया ग्रामवासियों ने कलश के साथ पूरे गांव में भम्रण करते हुए लास्ट में गांव के डीह बाबा मंदिर पर जाकर समापन किया। कार्यक्रम के निवेदक प. संजय तिवारी जी महाराज ने बताया कि शनिवार शाम से श्रीराम कथा सात दिवसीय चालू हो रहा है बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर कथा सुने उसी के उपलक्ष्य में यात्रा निकाली गई है कथा की तैयारी जोरों पर चल रही है।इस अवसर पर कन्हैया लाल तिवारी,समाजसेवी सतीश तिवारी, संचालक अनुज तिवारी किशन, झुनझुन तिवारी,शैलेश तिवारी,राजू मिश्रा, राजधर राय,ओझा तिवारी, रमेश केशरी, ओम प्रकाश जायसवाल, मिजार्मुराद थानाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा,दरोगा सुनील कुमार दुबे दरोगा महेंद्र सरोज समेत भारी संख्या में पुलिस बल यात्रा में शामिल रहे।

# सलेमपुर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी किए गए रुपए पीड़ित को कराए वापस




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** जनपद में चल रहे साइबर अपराध नियंत्रण हेतु थाना सलेमपुर पर गठित साइबर क्राइम टीम के द्वारा कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में साइबर हेल्प डैस्क पर आवेदक आरिफ खान निवासी पारौली थाना सलेमपुर के साथ हुई साइबर ठगी में आवेदक आरिफ खान उपरोक्त के खाते से कुल 17,500 वापस कराए गए हैं। इसके संबंध में आवेदक आरिफ खान उपरोक्त द्वारा पुलिस प्रशासन में साइबर क्राइम टीम की प्रशंसा की गई है। उधर सलेमपुर थानाध्यक्ष नितिन जावला ने बताया है कि किसी अनजान व्यक्ति को खाता संख्या, पिन ओटीपी, सीवीवी नंबर, इत्यादि साझा न करें खाते से पैसा निकालने व साइबर फ्रॉड होने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# महबूब की मौत को अरढ नेता ने बताया कस्टडी डेथ, बेटे की तहरीर में पुलिस नहीं, दो लोग नामजद

**जाकिर तुर्क**

**मेरठ(वेलकम इंडिया)।** किठौर थाना क्षेत्र में शाहजहांपुर निवासी महबूब कुरैशी की मौत को लेकर सोशल मीडिया और आधिकारिक रिकॉर्ड के बीच विरोधाभास सामने आया है। आजाद समाज पार्टी के नेता बाबर चौहान खरदौनी ने फेसबुक पोस्ट कर घटना को पुलिस कस्टडी में मौत बताते हुए पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस रिकॉर्ड और मृतक के बेटे की तहरीर में कहानी कुछ और नजर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, महबूब शुक्रवार को जमीन के 13 लाख रुपये के लेन-देन से जुड़े विवाद के मामले में किठौर थाने पहुंचे थे। इसी दौरान थाना गेट के पास उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।



## बेटे की तहरीर में दो लोग नामजद

घटना के बाद महबूब के बेटे अल्तमस ने थाना किठौर में तहरीर देकर सराहत उल्ला पुत्र समी खान और शाहिद मालिक पुत्र जमालुद्दीन पर उत्पीड़न और दबाव बनाने के आरोप लगाए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। गौर करने वाली बात यह है कि दर्ज FIR में किसी पुलिसकर्मी का नाम नहीं है और न ही पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है

## फेसबुक पोस्ट से बढ़ी चर्चा

ASP नेता बाबर चौहान खरदौनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस घटना को कस्टडी डेथ बताते हुए पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किए और कार्रवाई की मांग की। पोस्ट वायरल होने के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया। सबसे बड़ा सवाल है क्या घटना को कस्टडी डेथ बताने से पहले आधिकारिक तथ्यों की पुष्टि की गई? जब FIR में दो निजी व्यक्तियों को नामजद किया गया है तो पुलिस प्रताड़ना का आरोप किस आधार पर लगाया गया

## जांच रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत सभी तथ्यों को जांच में शामिल किया जाएगा। शनिवार रात करीब 10 बजे महबूब को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# मंडलसेरा पेयजल योजना में उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नही मिलने से स्थानीय वाशिंदों में रोष

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बागेश्वर।** नगर क्षेत्र के मंडलसेरा क्षेत्र के हजारों लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बनी मंडलसेरा पेयजल योजना से पेयजल उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नही मिलने और स्थानीय वाशिंदों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराए जाने,योजना का निर्माण होने के बाद भी वार्ड में पेयजल उपभोक्ताओं को समुचित पानी उपलब्ध नही होने की शिकायत जिलाधिकारी से की है।, साथ ही योजना का संचालन जलसंस्थान के बजाय जलनिगम द्वारा किए जाने की मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है। मंडलसेरा दक्षिणी वार्ड सभासद रूपा देवी और उत्तरीवार्ड सभासद कैलाश आर्या सहित अन्य स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में जिलाधिकारी से पेयजल योजना का संचालन पुनः जलनिगम को सौंपे जाने की मांग की है।कहा कि मंडलसेरा पेयजल योजना बनाए जाने के बाद दोनों वार्डो के उपभोक्ताओं को पेयजल समस्या का समाधान होने की उम्मीद जगी थी,योजना का निर्माण करने के बाद पेयजल निगम द्वारा योजना के प्रारंभ में उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराया गया था, परंतु बाद में योजना को वितरण हेतु जलसंस्थान को सौंपे जाने के बाद उपभोक्ताओं को पर्याप्त पेयजल मुहैया नही हो पाने से उपभोक्ताओं में रोष होने और पर्याप्त पानी नही मिलने की शिकायत जिलाधिकारी से की है।सभासद ने जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे से पेयजल योजना का संचालन पुनः जलसंस्थान के बजाय जलनिगम को दिए जाने की मांग की है। वहीं जिलाधिकारी ने सभासदों को मामले में आवश्यक शहयोग का भरोसा देते हुए जल्द पेयजल योजना से सभी लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान बागनाथ वार्ड सभासद नवीन रावल,कैलाश तिवारी ईश्वर पांडे, आदि मौजूद थे।

# आईपीएल 2026 कौन बनेगा चैंपियन एक बार फिर एहसान अंसारी ने की बड़ी भविष्यवाणी

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** IPL match 2026 फाइनल मैच आज अहमदाबाद में खेला जायेगा , जहां डिपेंडिंग चैंपियन रहे आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जायेगा। दोनों टीम अपनी अच्छी लय में है तो मुकाबला कड़ा रहने वाला है। ऐसे में हमेशा अपनी भविष्यवाणी को लेकर चर्चा में रहने वाले पत्रकार एहसान अंसारी ने अपने एक बार फिर ट्वीट करके चर्चा में है एहसान ने दावा किया है जो टीम टॉस जीतेगा और वो टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करेगा वो ही चैंपियन बनेगा, हमेशा अपनी भविष्यवाणी की 100%गारंटी देते है और 99% सत्य भी होता है , अब IPL फाइनल टॉस पर निर्भर है कौन जीतेगा और पहले कौन टीम बैटिंग करेगा। वही एहसान अंसारी ने एक और दावा किया है कि इस टूनामेंट में अब तक सबसे ज्यादा रन वैभव सूर्यवंशी ने बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम रखा है , एहसान ने दावा किया है फाइनल में गुजरात टीम के कप्तान शुभम गिल का बल्ला चलेगा और ऑरेंज कैप अपने नाम कर लेगा ये उसके भाग्य में है जो कोई छीन नहीं सकता है, अब ऐसे में सबकी निगाहें आज फाइनल पर टिकी है , क्या हमेशा की तरफ इस बार भी सत्य होगा पत्रकार की भविष्यवाणी।

# फायरिंग की घटना में वांछित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर वादी जितेन्द्र सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड जनपद बुलन्दशहर ने थाना ककोड पर तहरीर दी कि बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके ऊपर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ककोड पर मुअसं- 171/26 धारा 109(1)/61(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में शनिवार को थाना ककोड पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त प्रकाश में आये 01 अभियुक्त को झांझर रोड ईट भट्टा के पास से अवैध असलहा कारतूस सहित भूरा उर्फ करन प्रताप कौशिक पुत्र रमेश निवासी ग्राम धनौरा थाना ककोड जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया गया हैं।अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना ककोड पर मुअसं-188/26 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग, हालत गंभीर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** वाराणसी के चोलापुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी एक किशोर ने कथित तौर पर प्रेम प्रसंग में हुए विवाद के बाद खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। गंभीर रूप से झुलसे किशोर को उपचार के लिए कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, राजापुर गांव निवासी अमन राजभर (17) पुत्र रामनिवास राजभर का जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव की एक युवती से प्रेम संबंध बताया जा रहा है।



शुक्रवार को अमन किसी काम से हरसोस गांव गया था। इस दौरान वह अपने पट्टीदार की रिश्तेदारी वाले घर पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात युवती से हुई। बताया जाता है कि मुलाकात के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर अमन आवेश में आ गया। आरोप है कि उसने अपने पास मौजूद पेट्रोल अपने ऊपर डाल लिया और आग लगा ली। देखते ही देखते आग की लपटों ने उसे घेर लिया, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों और परिजनों ने तत्काल आग बुझाई और गंभीर रूप से झुलसे अमन को उपचार के लिए कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक अमन का शरीर काफी हद तक झुलस गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी सक्रिय हो गई।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों और अन्य लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आ रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। किशोर के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद दोनों गांवों में भी इस मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रहीं।

# विशाल यादव को 6 माह के लिए पुलिस ने किया जिला बदर



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट पुलिस ने युवक को पकड़ कर जिला बदर की कार्रवाई की है अगर जिला न्याययिक मजिस्ट्रेट की अनुमति बिना परमिशन के सीमा में प्रवेश होने पर गिरफ्तार कर जेल भेजने की चेतावनी दी गई है। आपको बता दें रामघाट थाना क्षेत्र के ग्राम जरगवां निवासी विशाल उर्फ विष्णु यादव पुत्र राजेश यादव को अपर जिला मजिस्ट्रेट बुलंदशहर ने 6 माह की अवधि के लिए बुलंदशहर सीमा से निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया है जिस आदेश का पालन करते हुए रामघाट थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार शुक्ला एवं उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने मय पुलिस बल के साथ जरगवां से गिरफ्तार कर जनपद अलीगढ़ की जिरौली धूम सिंह की सीमा में छोड़ा गया है साथ ही पुलिस द्वारा सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर बिना न्यायिक मजिस्ट्रेट की परमिशन के जनपद बुलंदशहर की सीमा में पाए जाने पर गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेजने की चेतावनी दी गई है।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को विद्यालय सभागार में एक विशेष करियर ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ हुई।इस कार्यशाला में कक्षा क से XII तक के विद्यार्थियों एवं सुरेविन एलुमनाई स्टूडेंट्स कम्युनिटी को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में सिक्स सिग्मा आईएएस अकादमी, नोएडा के विशेषज्ञ विद्यार्थियों द्वारा यूपीएससी, एनडीए,पीसीएस , डिफेंस सर्विसेज , सिविल सर्विसेज तथा अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न, तैयारी की रणनीतियों, करियर विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया ।यह सत्र विद्यार्थियों को सही दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विशेष सम्मान किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ प्रदान कीं।'साथ ही विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान तुषार गुप्ता ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है।ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने एवं सफलता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही विद्यालय की निदेशिका डॉ. शिखा दरबारी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों एवं अवसरों के प्रति जागरूक करना भी विद्यालय का दायित्व है। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न आयामों को समझने में सहायक हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि इस प्रकार की करियर ओरिएंटेशन कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।

# ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ,अबूपुर, मुरादनगर , में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन व मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह और द्वितीय-कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष डॉ संदीप रोहिला, कोषाध्यक्ष डाक्टर मीनाक्षी रोहिला, प्रबंधिका रितु गोयल के आशीर्वाद एवं प्रधानाचार्य रुपल रस्तोगी, उप प्रधानाचार्या श्रीमती शिखा गोयल के कुशल नेतृत्व में ,'माँ शारदे 'के माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ।इस शुभ अवसर के मुख्य अतिथि डाक्टर महावीर सिंह रहे। जिनका स्वागत पौधा व सीनरी देकर किया गया। अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत कक्षा दस की छात्राओं लक्षिता व अवनी ने किया। शिविर प्रशिक्षण को दशार्ती गतिविधियों में- सर्व प्रथम विद्यालय के कक्षा छह के छात्रों ( अतुल्य एवं रितिक ) ने शिविर में सीखे संगीत की सराहनीय प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कक्षा चार व पांच के विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का आकर्षक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में लगी लिप्पन आर्ट की विभिन्नआकृतियाँ, मेहन्दी के सुन्दर डिजाइन और नन्हे बालकों के रंग-बिरंगे चित्र सभी आगन्तुकों का मन मोह रहे थे। अपने अनुभवों में बालको ने स्वीमिंग पूल और क्रिकेट खेलने को अविस्मरणीय बताया। सभी शिविरार्थियों ने प्रति भागी का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सम्मान समारोह के क्रम में कक्षा- दस के कार्तिक शर्मा प्रथम प्रियांशु त्यागी द्वितीय और रिषभ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारह के अक्ष वशिष्ठ प्रथम,फिजा मलिक द्वितीय और खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मान पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।इस कार्य क्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रत्येक सदस्य का पूर्ण सहयोग एवं पुरुषार्थ रहा।

# एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष कुमार सिंह एवं एडम ऑफिसर गुरमीत सिंह जी के निर्देशन में 30 मई से 08 जून तक चलने वाले संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 123 का शुभारंभ एसआरएम यूनिवर्सिटी मोदीनगर के कैंपस में किया गया। इस कैंप में बटालियन के लगभग 540 से अधिक गर्ल्स तथा बॉय एनसीसी कैडेट ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग लिया। इस शिविर में 10 दिन तक गर्ल्स तथा बॉय कैडेट अनुशासन में रहते हुए एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस कैंप में की दिनचर्या सुबह की पीटी परेड वह शारीरिक व्यायाम से शुरू होती है ब्रेक फास्ट के कैडेटों को ड्रिल अभ्यास कराया जाएगा। इस कैंप में एनसीसी अधिकारियों द्वारा कैडेटों को सेना के गुण सिखाए जाएंगे।जिससे कि कैडेट अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा के लिए तैयार रहे। शाम को खेल प्रतियोगिता के माध्यम से सभी कैडेटों का शारीरिक एवं मानसिक विकास कराया जाएगा। कैंप का संचालन बटालियन सुबेदार मेजर लेफ्टिनेंट परमानंद ,कैप्टन रजनीश, सेकेंड ऑफिसर गुडडु गुप्ता, सीटी ओ डॉ ए– कथिरेशन, इंस्ट्रक्टर देवराज, बी एच एम पंकज कुमार, सुबेदार सूर्यमान, गर्ल कैडेट इंस्ट्रक्टर सोनिया तथा ज्योति आदि ने किया।

# जन समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के तत्वावधान में डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर व सीएनजी के दाम बढ़ने से कमर तोड़ महंगाई व क्षतिग्रस्त सीकरी कलछीना वडायला रोड का तुरंत निर्माण कराए जाने तथा नीट परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के खिलाफ मोदीनगर तहसील में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया।

भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता व मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर, महिला विंग अध्यक्ष नीरज प्रजापति व मोर्चा के महासचिव राहुल प्रधान के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैल बुग्गी में सवार होकर जीटी रोड पर नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, रसोई गैस की बढ़ी कीमतें एवं नीट परीक्षा पेपर लीक वह देहात की जर्जर हुई सड़कों की मांग को लेकर तहसील में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और पीडब्ल्यूडी के सक्षम अधिकारी को बुलाने की मांग को लेकर घंटों धरने पर बैठे रहे। एसडीएम मोदीनगर ने पीडब्ल्यूडी के ए ई को मौके पर बुलाया। जिसके साथ मोर्चा के अध्यक्ष बबली गुर्जर व राहुल प्रधान की काफी नोकझोंक हुई। डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि कई वर्षों से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग लगातार उठाई जा रही है।

पीडब्ल्यूडी के अधिकारी दो साल से बहकाने का काम कर रहे है। एसडीएम साहब के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में ये तय हुआ कि सोमवार से सड़क पर गड्ढा मुक्ति का कार्य शुरू हो जाएगा। मोर्चा के सभी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सोमवार से काम शुरू नहीं हुआ तो बुधवार से उसी सड़क पर बैठकर आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ बबली गुर्जर। नीरज प्रजापति, राहुल प्रधान निर्दोष खटाना इस्तकार प्रधान हरेंदर शर्मा राहुल जाटव राज वर्मा बाबा चौधरी धर्मपाल प्रधान प्रशांत भटजन सहाब सिंह बिट्टू बड़ायला सुनील प्रधान सभासद प्रवीण गुर्जर व सभासद गुलाब सिंह नवीन जैन तिलकराज अधाना बलबीर भड़ाना देव पंडित लक्की गूजर, चुड़ियाला जयप्रकाश शर्मा परशराम संजय खटाना, फिरे खटाना सुनीता पिंकी, ललिता कमलेश राजेंद्र आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गोस्वामी समाज संघर्ष समिति ने तीसा गोस्वामी का किया स्वागत एवं सम्मान



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गोस्वामी समाज संघर्ष समिति जीएस–3 के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीवान गिरि गोस्वामी ने अपने साथियों के साथ कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस अवसर पर मेरठ मंडल अध्यक्ष रवि गोस्वामी , जिला अध्यक्ष गाजियाबाद कालीचरण गोस्वामी, प्रमुख समाजसेवी डी.के. गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी विजयपाल गोस्वामी ने की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीशा गोस्वामी को जिला मंत्री नियुक्त किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। गोस्वामी समाज संघर्ष समिति के सभी कार्यकताओं ने तीशा गोस्वामी का फूल–मालाओं एवं सम्मान के साथ स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने समाज की कर्मठ, संघर्षशील एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित बेटी तीशा गोस्वामी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर पूरे गोस्वामी समाज का मान बढ़ाया है। समिति की ओर से यह विश्वास व्यक्त किया गया कि तीशा गोस्वामी अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज एवं संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगी।

# शतरंज की बिसात पर चमके नन्हे सितारे, 235 खिलाड़ियों के बीच डीएम ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**नोएडा।** जिला प्रशासन एवं जिला खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रामग्या स्कूल, सेक्टर-50 नोएडा में आयोजित जनपदीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जनपद भर के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों से आए 235 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं बल्कि धैर्य, एकाग्रता और रणनीतिक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में विहान चौधरी को यंगेस्ट बॉय चेस प्लेयर और आरोही बंसल को यंगेस्ट गर्ल चेस प्लेयर चुना गया। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। इस अवसर पर रामग्या स्कूल की प्रधानाचार्या रीना सिंह, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली, स्कूल के डायरेक्टर आर.के. केसरी, खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार, एक स्कूटी,मोटरसाइकिल बरामद



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल,एक स्कूटी और वारदात में इस्तेमाल किये जा रहे लॉक तोडने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने चारों को जेल भज दिया है।पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान हापुड रोड के पास एक पुलिया के समीप इन चार युवकों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुनाल चूना भट्टी,चेतन उर्फ तुषार निवासी ई लाईन ,नितिन कुमार निवासी चूना भट्टी व हर्ष निवासी ई लाईन के रूप में हुई है। सभी आरोपी मोदीनगर के रहने वाले हैं । पुलिस ने आरोपियों के पास से हाल ही में नौचंदी मेला मेरठ से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल व डेढ वर्ष पूर्व चोरी की स्कूटी बरामद की। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर दो वाहन बरामद किये गये।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चारों मिलकर बाइक चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान जगह पर छिपाकर रखते थे और मौका मिलने पर उन्हें बेच देते थे। चोरी से मिलने वाले पैसों से अपने शौक और खर्च पूरे करते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग का सरगना कुनाल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत गाजियाबाद पुलिस की बड़ी सफलता



श्री सतीश कुमार शर्मा विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) | म0मु0आ0 रेनू पैरोकार कन्विक्शन सेल | का0 राधेश्याम पैरोकार थाना साहिबाबाद

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी अभियुक्त नदीम को न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल के प्रयासों, विवेचक निरीक्षक अजय चौधरी (तत्कालीन थाना प्रभारी साहिबाबाद) द्वारा साक्ष्यों के आधार पर की गई विवेचना तथा विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सतीश कुमार शर्मा की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप यह सजा सुनिश्चित हो सकी।

मामला थाना साहिबाबाद में दर्ज मुकदमे से संबंधित है, जिसमें अभियुक्त नदीम पुत्र शहबजान, निवासी शहीदनगर, साहिबाबाद पर नाबालिग बालिका के साथ घिनौना कृत्य करने का आरोप था। पीड़िता की मां द्वारा 19 फरवरी 2024 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या-03, गाजियाबाद ने 30 मई 2026 को अभियुक्त को पॉक्सो अधिनियम की धारा-6 के तहत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। गाजियाबाद पुलिस ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# ऑनलाइन डिलीवरी की आड़ में नशे का कारोबार, ऑपरेशन प्रहार में 16 किलो से अधिक इम्पोर्टेड गांजा बरामद

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस के 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। स्वाट टीम, अपराध शाखा और थाना मधुबन बापूधाम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन पोर्टर के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बुनकर मार्ट क्षेत्र से चार शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 16 किलो 435 ग्राम विभिन्न प्रकार का इम्पोर्टेड गांजा, 60 ग्राम चरस और 6 ग्राम स्मैक बरामद की गई।

साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक टाटा टियागो कार, एक बुलेट मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा स्कूटी भी जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि आरोपी नशीले पदार्थों को अमेजन की पॉलीथिन में पैक कर ऑनलाइन डिलीवरी पोर्टर के जरिए सप्लाई करते थे, जिससे उन पर किसी को संदेह न हो। पुलिस का मानना है कि गिरोह लंबे समय से इस तरीके से नशे का कारोबार संचालित कर रहा था।

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई को ऑपरेशन प्रहार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और नशे की सप्लाई चेन से जुड़े लोगों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# लोनी बोर्ड बैठक में बवाल: भ्रष्टाचार के आरोपों पर सभासद का आत्मदाह प्रयास, वीडियो वायरल

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** नगर पालिका परिषद लोनी की बोर्ड बैठक में उस समय हड़कंप मच गया जब वार्ड संख्या-1 के सभासद आदर्श प्रधान ने भ्रष्टाचार, सफाई कर्मियों के वेतन भुगतान में देरी और विकास कार्यों में कथित भेदभाव का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया।

विरोध के दौरान उन्होंने आत्मदाह का प्रयास कर दिया, जिससे बैठक में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सभासद आदर्श प्रधान ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है, सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और कई वार्डों में विकास कार्यों को लेकर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।

बैठक में मौजूद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला और किसी अप्रिय घटना को होने से रोक लिया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। इस पूरे घटनाक्रम ने लोनी नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ते असंतोष को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

# खोड़ा में सूर्या चौहान हत्याकांड से उबाल, अंतिम यात्रा में छावनी बना इलाका विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दिलाया न्याय का भरोसा

## तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश जारी; अंतिम संस्कार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खोड़ा थाना क्षेत्र में युवक सूर्या चौहान की हत्या के बाद पूरे इलाके में शोक, आक्रोश और तनाव का माहौल बना हुआ है। चाकू से हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल सूर्या चौहान को तत्काल उपचार के लिए नोएडा सेक्टर-62 स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर फैलते ही परिजनों, स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में भारी रोष व्याप्त हो गया।





मृतक सूर्य प्रताप



आरोपी

मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर में नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना का मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का दावा है कि फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया। स्थानीय लोगों और विभिन्न हिंदू संगठनों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखने को मिला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खोड़ा और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे और हालात पर नजर बनाए रखी।

सूर्या चौहान की अंतिम यात्रा के दौरान भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्र के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

अंतिम यात्रा के मार्ग पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के साथ-साथ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम की निगरानी करते रहे। अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

इस बीच मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि युवक की मौत के बाद अस्पताल की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई और शव सौंपने के नाम पर लाखों रुपये की मांग की गई। इन आरोपों के चलते लोगों में अस्पताल प्रबंधन के प्रति भी नाराजगी देखी गई। हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

हत्याकांड को लेकर राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मृतक सूर्या चौहान के अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि किसी भी निर्दोष युवक की हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रशासनिक अधिकारियों और शासन स्तर पर लगातार संपर्क बनाए हुए हैं ताकि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच सुनिश्चित हो सके।

विधायक ने प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति शून्य सहनशीलता नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्द से जल्द फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने और मामले का शीघ्र खुलासा करने की मांग की।

क्षेत्रीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं समाज में भय का वातावरण पैदा करती हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ही भविष्य में इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगा सकती है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है तथा पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है।

# लोनी में गोलियों की गूंज, युवक को गोली मारकर कार में ले गए बदमाश

## पूर्व विवाद से जुड़ा मामला, पुलिस पर लापरवाही के आरोप; तलाश में गठित हुईं 5 टीमें



ओमकार



ओमकार का भाई






कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दिनदहाड़े हुई फायरिंग और युवक के कथित अपहरण की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। खड़खड़ी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे अंडरपास में बदमाशों ने गनौली गांव निवासी ओमकार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और घायल अवस्था में उसे कार में डालकर अपने साथ ले गए।

जानकारी के अनुसार, ओमकार सुबह करीब साढ़े आठ बजे काम पर जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने उसे घेर लिया और सात से अधिक राउंड फायरिंग की। गोली लगने के बाद बदमाश उसे जबरन कार में बैठाकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले हुए विवाद की शिकायत पुलिस से की गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़ गए। वारदात के बाद ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। हंगामे के चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित रहा।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# यूपी गेट बॉर्डर पर ट्रैफिक व्यवस्था का एडीसीपी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) वरुण कुमार सिंह ने यूपी गेट/बॉर्डर स्थित ट्रैफिक बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात अधिकारियों और कर्मियों को सड़क पर यातायात संचालन को सुचारू रखने तथा यातायात निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियानों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीसीपी ने यातायात प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही दिल्ली मेट्रो के निर्माण एवं रखरखाव कार्यों के चलते उत्पन्न होने वाली यातायात चुनौतियों पर भी चर्चा की गई।





यातायात को सुरक्षित, व्यवस्थित और निर्बाध बनाए रखने के लिए एडीसीपी ने दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया, ताकि निर्माण कार्यों के दौरान आम लोगों को कम से कम असुविधा हो और यातायात प्रभावित न हो।

# साइबर सेल की तत्परता से पीड़ित को मिली राहत, 90 हजार रुपये की ठगी गई रकम वापस

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना कोतवाली नगर की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति की 90 हजार रुपये की धनराशि वापस कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।



पुलिस के अनुसार पंचवटी कॉलोनी निवासी विनोद गुप्ता ने ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर सेल थाना कोतवाली नगर की टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और संबंधित बैंक से लगातार पत्राचार व समन्वय किया। अथक प्रयासों के बाद साइबर सेल ने ठगी गई पूरी 90 हजार रुपये की रकम वापस कराने में सफलता प्राप्त की। शनिवार को यह धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर विनोद गुप्ता ने थाना कोतवाली नगर पहुंचकर थाना प्रभारी एवं साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर धनराशि बचाई जा सके।

# पानी को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा, सेक्टर-168 की सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगाया जाम





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** नोएडा के सेक्टर-168 स्थित एक सोसाइटी में पेयजल संकट को लेकर रविवार को सैकड़ों निवासी सड़क पर उतर आए। पानी की समस्या से परेशान लोगों ने बैरिकेड लगाकर सड़क जाम कर दी और प्रशासन तथा सोसाइटी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे निवासियों का आरोप है कि पिछले पांच दिनों से सोसाइटी में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पानी की कमी के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया तथा जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से जलापूर्ति बहाल करने के लिए संबंधित विभाग और सोसाइटी प्रबंधन के साथ समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। निवासियों का कहना है कि जब तक पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित नहीं होती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।